# बजट अभिभाषण 2024–25

सम्माननीय् उप–महापौर श्रीमती उमा कौशल, समस्त माननीय पार्षदगण, निगम आयुक्त श्री भूपेन्द्र कुमार अत्री व अन्य उपस्थित सभी अधिकारीगण व कर्मचारीगण। मैं आप सभी का वर्ष 2024–2025 के बजट बारे हो रही इस ''विशेष बैठक'' में स्वागत करता हूँ।

जैसेकि माननीय सदस्यों को विदित ही है कि नगर निगम शिमला पूर्व सातवीं निर्वाचित सदन का कार्यकाल 17 जून, 2022 को पूर्ण हो चुका था, परन्तु नगर निगम के चुनाव न होने के कारण तत्कालीन प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 12.10.2022 से 15.05.2023 तक नगर निगम शिमला का संचालन करने हेतु प्रशासक को नियुक्त किया था और वित्तीय वर्ष 2023–24 का निगम बजट प्रशासक द्वारा अनुमोदित किया गया था । हमारे वर्तमान आठवें नव–निर्वाचित सदस्यों द्वारा दिनांक 15 मई, 2023 को बतौर पार्षद के तौर पर शपथ ली गई और इसी दिन मा0 पार्षदों द्वारा महापौर व उप–महापौर का चुनाव किया गया तथा नव–निर्वाचित महापौर एवं उप–महापौर द्वारा शपथ ली गई। यह हमारी इस आठवीं नव–निर्वाचित नगर निगम का प्रथम '' बजट '' प्रस्तुतीकरण है और मेरे कार्यकाल का यह प्रथम विशेष बजट बैठक है।

इस चालू वित्तीय वर्ष में अभी तक नगर निगम की 9 साधारण बैठकें, 1 साधारण कृत्यकारक समिति की बैठक, 7 वित्त,संविदा योजना समिति की बैठकें तथा 2 सामाजिक न्याय समिति की बैठकें हो चुकी है । इन बैठकों में सभी माननीय सदस्यों का यही लक्ष्य रहा है कि वे अपने–अपने वार्डो के विकास कार्य के अतिरिक्त ऐतिहासिक शिमला शहर के चहुमुखी विकास व सौंदर्यकरण के लिए अथक प्रयास करते रहे।

मुझे हर्ष है कि निगम के सभी माननीय पार्षद शहरवासियों को मूलभूत सुविधाऐं उपलब्ध करवाने व अपने–अपने वार्डो में विकास कार्य करवाने तथा लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करवाने के लिए अहम भूमिका निभा रहे है। मैं आपसी सहयोग की अवधारणा से सभी को साथ लेकर कार्य करने में विश्वास रखता हूँ :–

'' चमन में इख्तिलात–ए–रंग–ओ बू
से बात बनती है।
हमीं हम है तो क्या हम है,
तुम्ही तुम हो तो क्या तुम हो।''

माननीय सदस्यगण आप सभी नगर निगम की वर्तमान वित्तीय स्थिति से परिचित है। परन्तु उसके उपरान्त भी नगर निगम का यही प्रयास रहता है कि माननीय सदस्यों की अपेक्षाओं के अनुरूप सभी वार्डो में निरन्तर विकास होता रहे।

इसलिए नगर निगम की आय के अधिक से अधिक साधन बढ़ाएं जाने आवश्यक है तथा अनावश्यक खर्चो पर कटौती करनी होगी और हम सबको मिलकर निगम हित में आय के स्त्रोत बढ़ाने हेतू उचित निर्णय लेने होगें परन्तु इस बजट में शिमला शहरवासियों पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क/कर नहीं लगाया गया है और न ही बढ़ाया गया है।

नगर निगम शिमला द्वारा कोरपोरेट सोशल रिसपौंसिब्लिटी (CSR) के अर्न्तगत एस.जे.वि.एन.एल. और रैड क्रास सोसायटी के सहयोग से जून, 2023 में दूध, दही व लस्सी के खाली पैकिट इक्टठा करने के लिए अभियान का शुभांरम्भ किया गया है, जिसके अंतर्गत 50 किलो दूध, दही व लस्सी के खाली पैकिट इक्टठा करने वाले वार्ड को एक लाख रूपये की राशि ईनाम के तौर पर दी जाएगी। यह अभियान नगर निगम शिमला द्वारा स्वच्छता एवं प्लास्टिक में लगे प्रतिबंध नियमों के आधार पर लोगों को जागरूक करने के लिए एक कारगर कदम साबित होगा साथ ही शिमला को स्वच्छ व साफ रखने के दृष्टिगत प्लास्टिक मुक्त करने में भी सहयोग मिलेगा।

इसके अतिरिक्त निगम के सभी वार्डो के घरों से सुखे व गिले कूड़े को अलग–अलग ढंग से निष्पादन हेतू सोर्स सेग्रीगेशन के तहत मगंलवार व शुक्रवार को सुखा तथा सोमवार, बुधवार,वीरवार व शनिवार को गीले कूड़े को एकत्रित करने का कार्य शुरू किया गया है। जबकि व्यवसायिक संस्थानों से सूखे व गिले कचरे को प्रतिदिन उठाया जाता है। कूड़ा उठाने वालें वाहनों मेंं सुखे व गीले कचरे को रखने के लिए अलग–अलग प्रावधान किया गया है ।

जैसा कि विदित है कि इस वित्तीय वर्ष में भारी बरसात के कारण हिमाचल प्रदेश को प्राकृतिक आपदा का सामना करना पडा और इस प्राकृतिक आपदा से शिमला नगर निगम की परिधि में भी भारी नुक्सान हुआ। इस प्राकृतिक आपदा में विशेष तौर पर नगर निगम परिधि के समरहिल, कृष्णानगर–स्लाटर हाउस व फागली क्षेत्रों में निगम सम्पति के साथ–साथ लोगो को जान व माल का नुक्सान उठाना पड़ा। इसके अतिरिक्त निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में प्राकृतिक आपदा के कारण लेण्ड स्लाईड से सड़कें, रास्ते, नाले व पानी की पाईपें जगह–जगह क्षतिग्रस्त हो गई थी तथा लैण्ड स्लाईड़ होने से विभिन्न स्थानों पर पेड़ो के गिरने से जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया था। इस प्राकृतिक आपदा के कारण कई परिवार बेघर हो गये थे और उन्हें राहत प्रदान करने के लिए सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व नगर निगम शिमला द्वारा युद्व स्तर पर आपदा से निपटने के लिए भरसक प्रयास किए गए। नगर निगम द्वारा बेघर हुए परिवारों को सामुदायिक भवनों व राजीव आवास योजना के अर्न्तगत बने मकानों में रहने के लिए अस्थाई तौर पर स्थान उपलब्ध करवाया गया और विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से बेघर हुए परिवारों को तरपाल, कम्बल खाद्य सामग्री इत्यादि उपलब्ध करवाई गई।

इस प्राकृतिक आपदा के समय समस्त माननीय पार्षदों, विभिन्न विभागों/संस्थाओं, स्वंय सेवी संस्थाओं, स्थानीय लोगों द्वारा राहत कार्यो में भरपूर सहयोग देने तथा आपदा के समय कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा दिन–रात एक कर अपना योगदान देने के लिए मैं नगर निगम शिमला की ओर से सभी का हार्दिक धन्यवाद व आभार प्रकट करता हूँ। मैं विशेषकर माननीय मुख्यमंत्री जी का प्राकृतिक आपदा से उभरने के लिए रेस्टोरेशन के कार्य हेतू उपलब्ध करवाई गई धन राशि व सहयोग के लिए हार्दिक आभार प्रकट करना चाहूँगा। जिनके दिशा–निर्देशों व अथक प्रयासों से शिमला में आई आपदा के समय प्रभावित लोगों को तत्काल प्रभाव से राहत कार्य उपलब्ध करवाने में सहयोग मिला :–

'' तुम देख तिमिर मत घबराओं
हम दीप जलाने वाले है,
बस साथ हमारे हो लो,
हम सूरज पिघलाने वाले हैं। ''

इसके अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा व्यवस्था परिवर्तन के अन्तर्गत शिमला शहर में पानी, सीवरेज, बिजली की केबल इत्यादि से निजात

दिलाने हेतू छोटा शिमला से चौड़ा मैदान तक अंडर ग्राउण्ड़ डक्ट बनाने की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। जिसके लिए मैं शिमला शहर की जनता की ओर से आभार प्रकट करता हूँ ।

जैसा कि विदित है कि प्रदेश सरकार के सहयोग से नगर निगम शिमला द्वारा पहली बार शिमला शहर में विंटर कार्निवाल समारोह का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देश्य बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों व टूरिज्जम को बढ़ावा देना था ताकि इस ऐतिहासिक शिमला शहर का गौरव बना रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन से जहां शिमला के व्यापारियों व स्वयं सहायता समुहों को अपने उत्पादों को बेचने का मौका मिला, वहीं इस कार्यक्रम से शिमला के स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका भी मिला और साथ ही आम जनता व पर्यटकों ने तंबोला, डॉग शो, बेबी शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि का मनोरंजन लिया ।

निगम में व्यवस्था परिवर्तन के उद्‌देश्य से नगर निगम शिमला द्वारा घर द्वार कार्यक्रम की पहल की गई है, जिसका मुख्य उद्‌देश्य नगर निगम के सभी वार्डो में रहने वाले स्थानीय लोगों के घरो में जा कर लोगो की समस्याओं को सुनना व उसका समाधान करना व वार्डो का सामान्य निरीक्षण करने से सम्बन्धित हैं।

## प्रमुख प्राथमिकताएं :

- शिमला शहर में आम लोगों की सुविधा के लिए 3 Thematic parks बनाने की योजना है।

- शिमला शहर को होर्डिग मुक्त करवाने के दृष्टिगत माल रोड़ व सर्कुलर रोड़ पर डिजिटलाईजड एल.ई.डी. स्क्रीनें लगाने की प्रस्तावना है।

- शिमला शहर के वरिष्ठ नागरिकों को चिक्तिसा टेस्ट से सम्बन्धित Sample Collections घर से प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करने की प्रस्तावना है।

- शिमला शहर की सौंदर्यकरण के दृष्टिगत माल रोड़ पर स्थित सभी दुकानों में एक जैसे साइन बोर्ड लगवाने की प्रस्तावना है।

- शिमला शहर में आवारा कुत्तों से निजात पाने के लिए कुत्तों की 100 प्रतिशत नसबन्दी स्कीम को लागू करने की प्रस्तावना है। जिसके लिए शिमला शहर में पहली बार Dog Census करवाई जा रही है।

- शिमला शहर में मैटरो सर्विलैंस केन्द्र खोलने की प्रस्तावना है। जिसमें Integrated diseases सर्विलॉस प्रोग्राम शहर में और शहर के आस–पास के क्षेत्रों में महामारी फैलाने वाली बिमारियों की निगरानी करेगा।

- शिमला शहर में वाहनों की बढ़ती संख्या व बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों को पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत शिमला के विभिन्न क्षेत्रों में 2000 वाहनों को पार्क करने की सुविधा उपलब्ध करवाने की प्रस्तावना है।

- शिमला शहर में Storm Water Drains/Nallahs & Open Drainage/Nallahs System में सुधार/निर्माण की प्रस्तावना है, जिससे शहर के विभिन्न नालों को चैनेलाईज किया जाएगा।

- नगर निगम शिमला द्वारा नागरिकों को डैमोलेशन वेस्ट (C & D) का सही निष्पादन करने के लिए एक फोन कॉल पर उचित दरों पर पिकअप और टिप्पर की सुविधा उपलब्ध करवाने की प्रस्तावना है।

- शिमला शहर में Drone based GIS Mapping Survey का कार्य प्रगति पर है, जिससे शहरवासियों को प्रदान की जा रही सेवाओं जैसे सम्पति कर, पानी, सीवरेज, भवन नक्शे, ट्रेड लाइसैंस इत्यादि की एक ही Unique I.D. बनाई जायेगी।

- शिमला शहर में विभिन्न स्थलों पर 5 E-Charging Station स्थापित करना प्रस्तावित किया गया है।

- निगम द्वारा सब्जी मण्डी में लगभग 130 करोड़ रूपये की लागत से यूनिटी माल बनाया जाना प्रस्तावित है।

- शिमला शहर में विभिन्न वार्डो में भूमि की उपलब्धता अनुसार नवयुवकों

को डिजीटल लाईब्रेरी की व्यवस्था उपलब्ध करवाने की प्रस्तावना है।

- नगर निगम शिमला के रिकार्ड का डिजीटलाईजेशन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण का पुराना रिकार्ड (वर्ष 1870 से मई 2015 तक) डिजीटाईजेशन किया जा रहा है ।

- प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के माध्यम से राशि रू. 130 करोड़ की लागत से शिमला शहर के सर्कुलर रोड़ को चौड़ा करने की प्रस्तावना है।

- अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान (AIILSG) द्वारा शिमला में सफाई निरिक्षक से सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्र खोलने की प्रस्तावना है। इसके अलावा यह संस्थान Himalayan Institute of Urban Transformation Training Centre भी स्थापित करने जा रहा है।

- आगामी वित्त वर्ष में स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से Cottage Cheese , जूट बैग क्रॉफटिंग, जैविक फाईल फोल्डर इत्यादि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा व इन उत्पादों को विक्रय करने हेतू स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा, जिससे महिलाओं के लिए स्थायी आजिविका के अवसर उपलब्ध होगें।

इस प्रस्तावित बजट में शिमला शहर के विकास व लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत किए गए दैनिक कार्यो के साथ–साथ अन्य विकास कार्य/उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है :–

## 1. वित्तीय स्थिति :

नगर निगम शिमला की आय के सीमित संसाधन है और इन संसाधनो को निगम हित में बढ़ाने का प्रयास किया जाना आवश्यक है। इस चालू वित्तीय वर्ष में 31 दिसम्बर, 2023 तक निगम के आय स्रोतों से 2791. 54 लाख रूपये और राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप 3089.42 लाख रूपये Development Grant व कुल 5880.96 लाख रूपये की राजस्व आय और विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत अनुदान से 5014.43 लाख रूपये की पूँजीगत आय अर्थात कुल आय राशि 10895.39 लाख रूपये की प्राप्ति हुई

है। जबकि चालू वित्त वर्ष में 31 दिसम्बर, 2023 तक निगम का कुल व्यय 8312.05 लाख रूपये हुआ है।

## 2. सम्पति कर शाखा :

- नगर निगम शिमला की आय का मुख्य स्त्रोत सम्पति कर ही है। इस चालू वित वर्ष 2023–24 में अभी तक सम्पति कर दाताओं की संख्या 31683 हो चुकी है। इस वित वर्ष में नगर निगम शिमला को सम्पति कर से राशि रू0 15.00 करोड़ की आय प्राप्त हो चुकी है तथा शेष राशि की वसूली की कार्यवाही चल रही है, जिससे इस वितीय वर्ष के अन्त तक कुल राशि 17.50 करोड़ की आय प्राप्त होने की सम्भावना है।

- नगर निगम शिमला द्वारा शहरवासियों को बेहतर जन–सुविधाऐं उपलब्ध करवाने के उदेश्य से सम्पति रजिस्टर का एकीकरण किया जा रहा है, जिसके लिए Drone based GIS Mapping Survey का कार्य प्रगति पर है, इस कार्य के पूर्ण होने पर निगम द्वारा शहरवासियों को प्रदान की जा रही सेवाओं जैसे सम्पति कर, पानी, सीवरेज, भवन नक्शे, ट्रेड लाइसैंस आदि की एक ही Unique I.D. बनाई जायेगी, जिससे एक ओर जहां शहरवासियों को एक ही यूनिक आई0डी0 के माध्यम से बेहतर सेवाऐं प्राप्त होगी, वहीं दूसरी ओर नगर निगम शिमला को सम्पति कर न देने वालों अथवा गलत कर निर्धारण हेतु दायर की गई Self-Assessment रिपोर्ट के मामले सामने आएंगे। जिससे वित वर्ष 2024–25 में निगम को सम्पति कर से लगभग राशि रू0 5.00 करोड़ की अतिरिक्त आय होने की सम्भावना है तथा आगामी वित वर्ष में सम्पति कर से कुल अनुमानित आय 26.00 करोड़ प्राप्त होने की सम्भावना है।

- वित वर्ष 2023–24 में विद्युत सैस से राशि रू0 1.00 करोड़ की आय प्राप्त होने का बजट में प्रावधान रखा गया था, जिसे पूर्ण करते हुए नगर निगम शिमला को दिसम्बर 2023 तक पिछली बकाया सहित लगभग राशि रू0 1.00 करोड़ की आय प्राप्त हो चुकी है तथा मार्च 2024 तक लगभग राशि रू0 1.40 करोड़ की अतिरिक्त आय प्राप्त होने की सम्भावना है, जिसमें अधिकतर पिछली बकाया राशि ही है। वर्तमान में विद्युत सैस 10 पैसे प्रति युनिट खपत के हिसाब से ही लिया जा रहा है, जिसके कारण बिजली सैस से आगामी वित वर्ष 2024–25 में भी राशि रू0 1.00 करोड़ की आय होने की सम्भावना है।

- आगामी वित्त वर्ष में दो सिनेमा घरों से शो टैक्स के तहत लगभग राशि रू0 2.75 लाख की आय प्राप्त होने की सम्भावना है।

- नगर निगम शिमला को शराब की बिक्री से रू0 2/– प्रति बोतल के हिसाब से चालू वित वर्ष 2023–24 में राशि रू0 82.00 लाख की आय प्राप्त होनी है । नगर निगम शिमला द्वारा वर्ष 2018 में उक्त शराब बिक्री शुल्क को रू0 2/– प्रति बोतल से बढ़ाकर रू0 10/– प्रति बोतल करने का निर्णय लिया गया था, किन्तु प्रदेश सरकार से इस शुल्क को लागू करने की अनुमति न मिल पाने के चलते अभी लागू नहीं किया जा सका है। यदि यह प्रस्तावित शुल्क को लागू करने की अनुमति प्रदेश सरकार से प्राप्त हो जाती है तो नगर निगम शिमला को लगभग राशि रू0 3.00 करोड़ की अतिरिक्त आय प्राप्त होने की सम्भावना है।

## 3. सम्पदा विभाग :

- इस चालू वित वर्ष 2023–2024 में शिमला शहर के विभिन्न क्षेत्रों मे नए स्टॉल/दुकानें बनने से आबंटित कुल सम्पतियों की संख्याः 1334 हो चुकी है, इनसे दिसम्बर, 2023 तक राशि रू0 4.87 करोड़ की आय प्राप्त हो चुकी है। इसके अतिरिक्त शिमला शहर में स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत निगम की पुरानी दूकानों व स्टालों का जिर्णोद्वार/निर्माण किया जा चुका है तथा कुछ का कार्य प्रगति पर है, जिससे आगामी वित वर्ष में निगम की आय में वृद्वि होने की सम्भावना है।

- निगम को इस चालू वित वर्ष में निगम पार्किंगों से राशि रू0 1.03 करोड़ की आय प्राप्त हो चुकी है। इसके अतिरिक्त शिमला में चिहिन्त येलो लाईन पार्किंगों के लिए भी निविदाएं आमत्रित की गई थी, परन्तु किसी भी भागीदारों द्वारा निविदा में भाग न लेने के कारण इन्हें जनहित में लोगों की सुविधा हेतु ''पहले आओ पहले पाओ'' ड्रा ऑफ लॉटस'' के माध्यम से आबंटित किया जा रहा है। जिससे निगम को आगामी वित्त वर्ष में लगभग राशि रू0 2.50 करोड़ की आय प्राप्त होने की सम्भावना है।

- जैसे कि सभी को विदित ही है कि शिमला शहर में तहबाजारियों की संख्या दिन–प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। केन्द्र सरकार द्वारा ऐसे तहबाजारियों के विस्थापन हेतू एक पथ विकेता (आजीविका संरक्षण एंव पथ विकय विनियमन) अधिनियम, 2014 बनाया गया है, जिसकी अनुपालना में प्रदेश सरकार द्वारा हि0प्र0 पथ विकेता (आजीविका संरक्षण एंव पथ

- विक्रय विनियमन) नियम, 2016 तथा स्कीम 2017 बनाए गए हैं। इन अधिनियम, नियम व स्कीम की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए नगर निगम शिमला द्वारा नियमों के अनुरूप 25 सदस्यीय पथ विक्रेता समिति का गठन किया गया है। नव गठित समिति के सदस्यों में से तहबाजारियों के सर्वेक्षण हेतू एक सर्वेक्षण उप–समिति एंव शहर में वैडिंग/नॉन वैडिंग जोन के चयन हेतू उप–समिति का गठन किया गया है। सर्वेक्षण उप–समिति द्वारा तहबाजारियों का बायोमैट्रिक सर्वे किया जाएगा तथा वैडिंग/नॉन वैडिंग जोन समिति द्वारा शहर में ऐसे स्थानों का चयन किया जाएगा, जहां पर तहबाजारियों को स्थापित किया जा सके। नव गठित समिति द्वारा इन सत्यापित तहबाजारियों से वैंडिग एक्ट के प्रावधान अनुसार तहबाजारी शुल्क निर्धारित किया गया है, जिससे निगम को राशि रू0 45.12 लाख वार्षिक आय प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त शिमला शहर के पंजीकृत 142 तहबाजारियों को आजीविका भवन में, राशि रू0 5000/– प्रतिमाह किराये पर दूकानें आबांटित की गई है, जिससे निगम को लगभग राशि 85.20 लाख वार्षिक आय प्राप्त होनी सम्भावित है।

- वित वर्ष 2023–24 में फिल्मों की शूटिंग व कैनोपी इत्यादि से राशि 61. 97 लाख रूपये की आय प्राप्त हो चुकी है तथा आगामी वित वर्ष में फिल्म शूटिंग इत्यादि से लगभग राशि रू0 1.00 करोड़ की आय होने की सम्भावना है।

- नगर निगम शिमला द्वारा शिमला शहर के पर्यावरण सुरक्षा के मघ्यनजर पिछले कई वर्षो से बाहरी राज्यों से शिमला में प्रवेश करने वाली गाड़ियों पर ग्रीन फीस लिया जाना प्रस्तावित है। कुछ वर्ष पूर्व इसे लिया जाना शुरू भी किया गया था किन्तु प्रवेश द्वार पर लग रहे ट्रैफिक जाम के कारण इसे बन्द करना पड़ा था। इसलिए नगर निगम शिमला द्वारा बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों पर ग्रीन फीस को डिजीटल ऐप व ऑनलाईन के माध्यम से वसूली करने बारे प्रस्तावना तैयार कर रही है । आगामी वित्त वर्ष में शिमला शहर में बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों पर ग्रीन फीस लागू करने से निगम को लगभग राशि रूपये 10.00 करोड़ की आय प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है।

## 4. वास्तुक योजनाकार शाखा :

- इस वित वर्ष 2023–24 में वास्तुक योजनाकार शाखा में भवन निर्माण के सम्बन्ध में 275 प्रस्तावित/सम्पूर्ण/ओल्ड लाईन नक्शों के मामले स्वीकृति हेतू प्राप्त हुए, जिनमें से 137 नक्शे ऑनलाईन प्राप्त हुए । जिसमें से 339 भवनों के नक्शों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त इस वित्त वर्ष में विभिन्न प्रकार के शुल्कों/कम्पाउंडिंग/चेंच ऑफ लेण्ड यूज फीस/प्लाट डवेल्पमेंट फीस/पी.पी. फीस/अनापति प्रमाण पत्रों/ब्लू प्रिन्टस इत्यादि से राशि रूपये 1.51 करोड़ की आय प्राप्त हो चुकी है तथा आगामी वित वर्ष 2024–25 में लगभग 4.5 करोड़ रूपये की आय प्राप्त होने की सम्भावना है।

- इसके अतिरिक्त हि.प्र. सरकार द्वारा Shimla Development Plan–2041 को अधिसूचित किया गया है, जिसको धरातल पर कार्यन्वित किया जाना शुरू कर दिया है तथा लोगों को Development plan की तकनीकि कार्यन्वयन की जानकारियॉ प्रदान करने हेतु शहर के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिससे शिमला शहर के भवन स्वामियों को हेबीटेबल एटिक का, पार्किंग फलोर का लाभ मिलेगा । इसके अतिरिक्त front Set back के 50 प्रतिशत क्षेत्र में पार्किंग का प्रावधान भी है जिससे निगम की आय में बढ़ौतरी होगी। कम्पलिशन के नक्शें जिनकी डेवियेशन 10 प्रतिशत के अन्दर आती है, उन पर कम्पाउडिंग फीस नगर निगम शिमला के बायलाज 1998 के अनुसार ली जाने से निगम की आय में बढ़ौतरी होगी।

- इस शाखा की भवन से सम्बन्धित लगभग 70 हजार पुरानी नस्तियों को डिजिटाईजेशन करने का प्रावधान है जिसका कार्य शुरू कर दिया गया है तथा इसके तहत लगभग 1600 नस्तियॉ (80000 पेजिज) स्कैन की जा चुकी है तथा उन्हें डिजिटाईजेशन करने के लिए तैयार है। डिजिटाईजेशन की प्रकिया पूर्ण होने के उपरान्त कम्पलीशन के नक्शे भी ऑन लाईन किये जाने का प्रावधान है।

## 5. ई0 गवर्नेस प्रोजैक्ट :

➢ नगर निगम कार्यालय में लोगों की आवाजाही कम करने व घर बैठे बिल, टैक्स इत्यादि की सुविधा हेतू आनॅलाईन **G2C** को सेवाएं कार्यन्वित की

गई है । स्थानीय लोग निम्न सुविधाओं का लाभ घर बैठे ही उठा रहे हैं और उनका किमती समय की बचत हो रही है :–

| Application/e-Services | URL |
|---|---|
| Property Tax | **https://edistrict.hp.gov.in/pages/staticSite/McSmlServices.xhtml** |
| Permission for Canopy | |
| Permission for Dumping | |
| Online Garbag Charges collection Application | |
| Online Building Panning permission Application | |
| Permission for film shooting | |
| Booking of Community Hall | |
| Trade License | **http:// www.emerginghimachal.hp.gov.in/** |

- नगर निगम शिमला द्वारा जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण के पुराने रिकार्ड (वर्ष 1870 से मई 2015 तक) का डिजीटाईजेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है । इस कार्य के पूर्ण होने के उपरान्त लोग घर बैठे ही जन्म व मृत्यू प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

- नगर निगम शिमला द्वारा स्ट्रीट वेण्डर (तहबाजारी) का पंजीकरण करने के लिए रजीस्ट्रेशन ऑफ स्ट्रीट वेण्डर ऐप्लीकेशन भी तैयार की जा रही है। इसके तहत निगम परिधि में आने वाले सभी तहबाजारियों को ऑन लाईन भी पंजीकृत किया जायेगा। इस ऐप्लीकेशन के कार्यान्वित होने पर पारदर्शिता के साथ–साथ अवैध तहबाजारियों की पहचान हो सकेगी।

- नगर निगम शिमला द्वारा कार्यालय में नागरिकों की आवाजाही कम करने के लिए रेण्ट एण्ड लीज ऐप्लीकेशन को भी तैयार करवाया जा रहा है । जिसके तहत निगम द्वारा अपनी सम्पतियॉ जो किराये व लीज पर दी गई है, उनके बिलों की वसूली को भी ऑन लाईन लेने की सुविधा अप्रैल, 2024 से शुरू कर दी जाएगी।

- नगर निगम शिमला द्वारा कार्यालय के सभी विभागों/शाखाओं जैसे कि वास्तुक योजनाकार शाखा इत्यादि के सन 1870 के पुराने रिकार्ड/नक्शों का डिजिटाईजेशन का कार्य शुरू कर दिया है । डिजिटाईजेशन होने पर स्थानीय लोगों को अपने भवनों का रिकार्ड लेने की सुविधा मिल सकेगी।

- नगर निगम शिमला द्वारा ड़ोर टू ड़ोर गारबेज कुलैक्शन मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इस सिस्टम से प्रत्येक घर पर क्यूआर कोड़ (QR Code) लगाया जाएगा, जिससे गारबेज कुलैक्टर की उस घर के प्रति नगर निगम शिमला में उपस्थिति लग जाएगी। इसके कार्यान्वयन होने से कचरा संग्रहण और उसकी मात्रा की व वास्तविक समय में घर–घर कचरा संग्रहण की निगरानी हो पाएगी।

- इसके अतिरिक्त ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में शामिल वाहनों की ट्रैकिंग/दक्षता लाने के उद्देश्य से वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा ।

- वित्तीय वर्ष 2023–24 में नगर निगम शिमला में ई–निगम प्रणाली को लागू कर सदन के कामकाज में शामिल प्रक्रिया को स्वचालित व पेपरलैस किया जाना था, परन्तु सदन की बैठक के लिए समुचित व्यवस्था उपलब्ध न होने के कारण ई–निगम प्रणाली को लागू नहीं किया जा सका। अगामी वित्तिय वर्ष 2024–25 में जैसे ही नगर निगम के सदन की बैठकों के आयोजन हेतु हॉल/स्थान उपलब्ध होने पर ई–निगम प्रणाली का कार्यान्वयन कर दिया जाएगा।

- उपरोक्त के अतिरिक्त आगामी वित्तीय वर्ष 2024–25 में निम्नलिखित ऑनलाईन सेवाएं तैयार करवाने का लक्ष्य रखा है।

| Sr.No | Application/ e-Services |
|---|---|
| 1 | Finance Accounting/ Audit/ Payroll & pension |
| 2 | Human Resource Management System & Personnel Staff management |
| 3 | Land & Estate Management |
| 4 | Assest Management |
| 5 | Legal Department |

## 6. निगम स्वास्थ्य विभाग :

- स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत अनुमानित राशि रू0 1.32 करोड़ की लागत से 14 घन मीटर क्षमता के 4 गारवेज कम्पैक्टर हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग (मकैनिकल विंग) के माध्यम से खरीदे जा चुके हैं।

- शिमला स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत 34 टीपर तथा 4 कम्पैक्टर खरीद लिए गए हैं जिससे सफाई व्यवस्था में भी सुधार हुआ है। आगामी वित्त वर्ष में नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था को ओर सुदृढ़ करने के दृष्टिगत पायल्ट प्रोजैक्ट के तहत 10 छोटी सफाई मशीनें खरीदने की प्रस्तावना है।

- भारत सरकार की गठित टीम द्वारा वर्ष 2023 में सर्वेक्षण कर शिमला शहर को ओ0डी0एफ0++ पूनः प्रमाणित किया गया है। जिसके लिए लगातार सफल बनाने के लिए नगर निगम द्वारा शहर में सार्वजनिक शौचालय के रख–रखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर निगम शिमला को हिमाचल प्रदेश में क्लीन सिटी होने के लिए स्वच्छ सिटी अवार्ड दिया गया है जोकि निगम के लिए एक गौरव का विषय है।

- वर्तमान में नगर निगम शिमला के स्वस्थ्य विभाग में कुल कर्मचारियों की संख्या 252 है, जिन पर लगभग राशि रू. 22.23 करोड़ का वार्षिक खर्च आता है। इसके अतिरिक्त सैहब सोसायटी में कुल कर्मचारियों की संख्या 996 है, जिन पर लगभग राशि रू. 19.21 करोड़ खर्च हो रहा है। इस वित्तीय वर्ष में सभी उपभोक्ताओं को कूड़े के बिल जारी करने का प्रयास किया गया है, जिससे गारबेज शुल्क की वसूली में बढ़ौतरी हुई है। इसके अतिरिक्त ऑन लाईन पेमैन्ट और पॉश मशीनों के माध्यम से कूडे के बिलों से शुल्क वसूली में सुधार हुआ है । आगामी वित्त वर्ष में ऑन लाईन पेमैन्ट और पॉश मशीनों से शतप्रतिशत कूड़ा संग्रह बिलों की प्राप्ति करने का लक्ष्य रखा गया है।

- पिछले वित्तीय वर्ष में छोटा शिमला में RRR Centre खोला गया था, जिसकी सफलता को देखते हुए निगम के अन्य क्षेत्रों में RRR Centre खोलने की योजना है।

- शहर के व्यवसायिक एवं पर्यटन क्षेत्रों में नाईट स्वीपिंग की जा रही है जिसको भविष्य में अन्य क्षेत्रों में भी करने की योजना है।

- नगर निगम शिमला द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्त्रोतों को डवैल्प कर वहाँ के पानी की टैस्टिंग के उपरान्त इसे निर्माण सम्बन्धी कार्य, फायर बिग्रेड, ड्रेन व सार्वजनिक शौचालय की सफाई हेतु प्रयोग में लाने की प्रस्तावना है।

- शिमला शहर में मैटरो सर्विलॉस यूनिट खोलने का प्रस्ताव है जिससे **Integrated diseases** सर्विलॉस प्रोग्राम शहर में और शहर के आस–पास के क्षेत्रों में महामारी फैलाने वाली बिमारियों की निगरानी की जाएगी। यह प्रोजैक्ट वर्ल्ड बैंक और नैशनल हैल्थ मिशन के सहयोग से चलाया जाएगा। इस प्रोग्राम से महामारी फैलानी वाली बिमारियों की रोकथाम के लिए डिसैंट्रलाईज लेबोट्री और इंफॉरमेशन टैक्नोलॉजी सिस्टम से महामारी फैलाने वाली बिमारियों पर निगरानी रखी जाएगी। व्यवसायिक परिसर बालूगंज में मैट्रो सर्विलैंस युनिट खोलने के लिए 2 मंजिलों का चयन किया गया है। जिसका केन्द्रीय हैल्थ मिनिस्ट्री से आये अधिकारियों ने निरिक्षण किया और उचित पाया। शिमला शहर में पहले भी पीलिया जैसे प्रकोप से काफी जाने जा चुकी है और कोविड काल में भी जाने गई। ऐसी महामारी फैलाने वाली बिमारियों पर नियन्त्रण और शौध की प्रकिया इस सर्वेलैंस लेबोट्री में की जाएगी और शिमला शहर को आने वाली बिमारियों से बचाया जाएगा। जिसके लिए जगह का चयन किया जा चुका है और शीघ्र ही यह कार्यशाला स्थापित की जाएगी।

- नगर निगम शिमला द्वारा समस्त सफाई कर्मचारियों व गारबेज कुलैक्टरों की सुरक्षा के दृष्टिगत सफाई उपकरण व घर–घर से कूड़ा उठाने के लिए गारबेज बैग, दस्ताने, मास्क, जूते और अपर एण्ड लोअर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं तथा आगामी वित्तीय वर्ष में स्वास्थ्य विभाग में सभी कार्यरत सफाई कर्मचारियों और सैहब सोसायटी में गारवेज कुलैक्टरों

  इत्यादि के लिए Personal Protective Equipment (PPE) व सफाई उपकरण खरीदने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

- स्वास्थ्य विभाग में सफाई कर्मचारियों के लिए इस वित्तीय वर्ष में 3 चैन्जिंग रूम बनाए गए हैं और सभी 34 वार्डों में सफाई कर्मचारियों के लिए चैन्जिंग रूम बनाने की योजना हैं। इन सभी चैन्जिंग रूमों में बिजली, पानी और शौचालय की सुविधा होगी।

- स्वास्थ्य विभाग में जिन कूड़े की गाड़ियों की 15 वर्ष की अवधी से अधिक का समय हो चुका है, उन्हें अनुपयोगी घोषित कर ऑक्शन की जाएगी। इसके साथ ही जो 15 गाड़ियां अनुपयोगी घोषित की गई है, उनके स्थान पर 15 नए इलैक्ट्रिक वाहन खरीदने की प्रस्तावना है।

- भरयाल में स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट को मैसर्ज एलीफैन्ट एनर्जी प्राईवेट लिमिटिड द्वारा संचालित किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन 80 से 90 मैट्रिक टन कचरा भेजा जाता है। जिसे आर.डी.एफ. में परिवर्तित कर निष्पादित किया जाता है। वर्तमान में आर.डी.एफ. को **Syn Gas** में परिवर्तित कर प्रयोगिक तौर पर बिजली भी तैयार की जा रही है, जिसे वेस्ट टू एनर्जी प्लांट को चलाने हेतु प्रयोग में लाया जाता है। बचे हुए आर.डी.एफ. को सीमेण्ट प्लांट को भेजा जाता है। इस प्लांट पर वर्ष 2024 में व्यवसायिक तौर पर बिजली का उत्पादन करने का लक्ष्य है।

- आगामी वित्त वर्ष में 12 करोड़ की लागत से बायोमैथिनेशन प्लांट लगाने की प्रस्तावना है। जिससे उत्पन की हुई गैस को **Syn Gas** में बलैण्ड करके वेस्ट टू एनर्जी प्लांट को सही तरह से चलाने में मद्द मिलेगी। इस प्लांट में कचरा न केवल शिमला से बल्कि ठियोग, साडा क्षेत्र कुफरी, घणाहट्टी , शोघी व चैली व अन्य साथ लगती पंचायतों से भी निष्पादन हेतू पहुंचाया जा रहा है।

- भरयाल कूड़ा संयन्त्र तक कूड़ा ले जाने वाले वाहनो में जी0पी0एस0 सिस्टम लगाया है, जिससे गाडियों को आसानी से ट्रैक किया जा सकता है तथा वाहनों को इन्टेग्रेटिड स्मार्ट सैन्टर के साथ विलय कर नियन्त्रण रखने की प्रस्तावना है।

- निगम द्वारा भरयाल प्लांट पर कूड़े को कवर्ड शैड़ में रखने तथा एम0आर0एफ0 (Material Recovery Facility) सुविधा उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत शैड़ का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार लैण्डफिल साईट को विकसित कर, प्लांट के भीतर की सड़क कों लैण्डफिल साईट तक पहुॅचाया जाना प्रस्तावित है ताकि कूड़े को वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन किया जा सके।

- भरयाल प्लांट की डिमार्केशन करके चारों ओर राशि रू. 60 लाख की लागत से फैन्सिंग करने की प्रस्तावना है।

- निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में 131 सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों का रख–रखाव सुलभ ईन्टर नैशनल कम्पनी के माध्यम से करवाया जा रहा है । इसके अतिरिक्त शहर में 10 नए शौचालय बनाने की प्रस्तावना है। इसी प्रकार शहर कें सभी सार्वजनिक शौचालयों में महिलाओं के लिए अलग से युरिनल व्यवस्था उपलब्ध करवाना प्रस्तावित है, इन युरिनलों में महिलाओं को निशुल्क सुविधा उपलब्ध होगी। पर्यटकों की सुविधा हेतु सार्वजनिक शौचालयों में युजर चार्जिज अदा करने हेतु QR Code का प्रावधान किया गया है ।

- माल रोड़ पर रोटरी टॉउन हाल के समीप बने सार्वजनिक शौचालय का रख–रखाव सुलभ इण्टरनेशनल सोशल सर्विस ओरगेनाईजेशन द्वारा किया जा रहा है तथा इस सार्वजनिक शौचालय में लगे आधुनिक उपकरण इत्यादि की मुरम्मत का कार्य कोहलर कम्पनी के साथ Annual Maintenance Contract के तहत किया जा रहा है।

- इसके अतिरिक्त निगम टाउन हॉल के सामने सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसका निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा किया जाना प्रस्तावित है ।

- नगर निगम शिमला द्वारा बनाई गई आधुनिक स्लाटर हाउस का कार्य सुचारू रूप से दिनांक 15.08.2023 तक चल रहा था और इस अवधी तक 6482 भेड़ बकरियों 2,08,953 मुर्गो व 386 सुंअरों को वधशाला में काटा जा चुका था। परन्तु प्राकृतिक आपदा के कारण दिनांक 15.08.2023 को आधुनिक स्लाटर हाउस ध्वस्त हो गया। वर्तमान में क्षतिग्रस्त स्लाटर हाउस के पुर्ननिर्माण के लिए Geological strata की Study /सर्वे का कार्य **NIT Hamirpur** से करवाया जा रहा है। Geological रिपोर्ट के आने के उपरान्त पुनः आधुनिक स्लाटर हाउस निर्माण करने बारे औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी तब तक अस्थायी तौर पर स्लाटर हाउस का कार्य अस्थायी शेडों में करने का प्रावधान किया जा रहा है।

- आावारा कुतों के जन्म की रोकथाम हेतु बनाई गई Stray Dog Birth Control Society द्वारा आवारा कुतों की नसबन्दी व टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। दिनांक 01.04.2023 से 31.12.2023 तक 425 आवारा कुतों की नसबन्दी व टीकाकरण का कार्य किया जा चुका है तथा यह कार्य लगातार किया जा रहा है। इस वर्ष Ward Wise Special Drive चलाई गई थी। आगामी वर्ष में पालतू कुतों एंव आवारा कुतों का Census किया जाएगा तथा पालतू कुतों का पंजीकरण अनिवार्य किया जाएगा। इसके अलावा आवारा कुतों में Chip लगाई जाएगी, जिससें उनके Health Record का पता चल सके। आगामी वित्त वर्ष में 100 प्रतिशत कुत्तों की नसबन्दी करवाने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2023–24 में अभी तक 117 नए कुतों का पंजीकरण तथा 50 पुराने कुत्तों के पंजीकरण का नवीनीकरण (Renewal) कर दिया गया है।

- माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में पशु पड़ाव बालूगंज में गौ सदन का निर्माण किया गया है तथा वर्तमान में 8 से 10 आवारा पशुओं को रखा गया है।

## 7. दीन दयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन :

- नगर निगम शिमला के अधिकार क्षेत्र में दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के दृष्टिगत स्वरोजगार कार्यक्रम में व्यक्तिगत तौर पर 20 शहरी गरीब लाभार्थियों को व एक स्वंय सहायता समूह को कुल 22.13 लाख रूपये के ऋण स्वरोजगार को बढ़ाने व नया कार्य आरम्भ करने हेतु 7 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया गया है।

- गत वित्त वर्ष में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत 20 स्वंय सहायता समूह का गठन करने का लक्ष्य रखा गया था, जिनका नियमानुसार गठन किया जा चुका है । इसके अलावा 3 नये क्षेत्रीय स्तर संगठन बनाये गये । जिन्हें स्वावलम्बी बनाने के उददेश्य से गत वित वर्ष में 9 स्वंय सहायता समूह को 10 हजार का रिवॉल्विंग फंड़ दिया जा चुका है तथा एक क्षेत्रीय स्तर संगठन को 50 हजार रूपये का रिवॉल्विंग फंड़ दिया गया है।

- चालू वित वर्ष में नगर निगम शिमला के तहत बनाये गये समूहों की महिलाओं को रोजगार एंव प्रोत्साहन देने के लिए रिज मैदान पर अलग–अलग अवसर दिये गये, जिसमें Summer Festival , Diwali व Shimla Winter Carnival के दौरान प्रर्दशनी एवं बिक्री के लिए स्टाल उपल्बध करवाये गये । इन सभी अवसरों पर समूहों की महिलाओं ने लगभग 4 से 5 लाख रूपये का व्यवसाय किया। आगामी वित्त वर्ष में भी महिलाओं को प्रोत्साहन देने के लिए इस प्रकार के सुअवसर प्रदान किए जाएगे।

- शिमला में महिला शक्ति क्षेत्र स्तरीय संगठन का बुक कैफे घर–घर बिक्री से उभरा और एक सामुदायिक केन्द्र के रूप में विकसित हुआ है। इस बुक कैफे के जरिए समूह की महिलाओं को 30 से 40 हजार रूपये कमाने का अवसर प्राप्त हुआ तथा जिसके फलस्वरूप समूह की महिलाओं को ''आत्म निर्भर उत्सव'' भारत मंडपम, प्रगति मैदान, दिल्ली जाने का अवसर प्राप्त हुआ।

- राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत तहबाजारियों को विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्म निर्भर निधि योजना के अर्न्तगत स्वनिधि से समृद्वि योजना की जानकारी देने तथा ऑन स्पॉट पंजीकरण करने हेतू 5 कैंप आयोजित किये गये ।

- इस वित वर्ष में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेडंरज आत्म निर्भर निधि योजना के अन्तर्गत 621 तहबाजारियों को आर्थिक सहायता हेतू 10,000/–रूपये प्रति तहबाजारी व 275 तहबाजारीयों को राशि 20,000/– तथा 109 तहबाजारियों को राशि 50 हजार का ऋण उपलब्ध करवाया गया।

- चालू वित वर्ष में बर्फ के मौसम के मध्य नजर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत कम्पोंनेंट शेल्टर फॉर अर्बन होमलैस (SUH) में 77 बेघर लोगों को रेन बसेरा में आश्रय दिया गया तथा उन्हें निशुल्क खाना, हिटर, सोने के लिए बिस्तर इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई और 14 रेसक्यू मिशन किये गये ।

- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत आजीविका भवन में स्वंय सहायता समूह को अपनी हस्त निर्मित वस्तुओं की प्रर्दशनी व बिक्री के लिए 4 दुकानें उपलब्ध करवाई गई है, जिसे स्वंय सहायता समूह के सदस्यों द्वारा संचालित किया जा रहा है ।

- आगामी वित्त वर्ष में दीन दयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत शहरी विकास विभाग के माध्यम से रैन बसेरा तथा लेबर होस्टलों की मुरम्मत व आधुनिक सुविधाएं गीजर, एक्वागार्ड, हीटर, सुरक्षा हेतू चौकीदार इत्यादि उपलब्ध करवाने के लिए धन राशि उपलब्ध करवाने की प्रस्तावना है।

- आगामी वित्त वर्ष में सिटी लाईवलीहुड केन्द्र को पुनः रेन बसेरा नजदीक ऑकलैण्ड टनल में संचालित किया जाना प्रस्तावित है।

## 8. शिमला जल प्रबन्धन निगमः

### (क) जल उत्पादन एव वितरण मण्डल :–

- संजौली जोन के अन्तर्गत 21 करोड़ रूपये की लागत से 24×7 जल आपूर्ति प्रणाली का कार्य पूर्ण हो चुका है, जो कि उद्घाटन के लिए तैयार है।

- 226 करोड़ रूपये, उर्जा दक्षता और लागत वसूली जैसे विभिन्न डीएलआई हासिल करके पी फॉर आर कार्यक्रम के तहत विश्व बैंक से प्राप्त किया गया है।

- पेयजल योजना सियोग के नवीनीकरण के लिए 4.50 करोड़ का प्रावधान किया गया है जिसमें 2.19 करोड़ की निविदाएं आमंत्रित की गई है।

- शिमला शहर के विभिन्न स्थानों पर 41 स्प्रिंग स्त्रोतों के जिर्णोद्वार व सुधार हेतु राशि रू. 75 लाख की लागत से कार्य कार्य किया जा है, जो कि मार्च,2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

- यूवी (अल्ट्रावॉयलट) सयंत्र को 90 लाख की लागत से शिमला में पानी के कीटाणुशोधन के लिए रामचन्द्र चौक के पास छोटा शिमला में स्थापित किया गया है।

- चालू वित वर्ष के दौरान पानी और सीवरेज सुविधा से सम्बन्धित मांग शुल्क पहले की तुलना में 36 करोड़ से 40 करोड़ रूपये तक बढ़ जाएगा।

- इस चालू वित वर्ष के दौरान विभिन्न उपभेक्ताओं को निगम क्षेत्र में कुल 1311 नये जल कुनैक्शन स्वीकृत किए गए है।

- अनुमानित राशि रू. 2.96 करोड़ और 2.71 करोड़ रूपये की लागत से दो कार्य ब्रिटिश कॉल के दौरान बिछाये गये पुराने गुम्मा (सोहावल से कैगनेनों तक) और गिरि से शिमला तक के राईजिंग मैन के एक हिस्से में सुधार के कार्य प्रगति पर है । इन कार्यो के पूर्ण होने से शिमला शहर के लिए जलापूर्ति में सुधार होगा। चालू वित वर्ष के दौरान पानी और सिवरेज शुल्क के मद में विभिन्न पुराने बकायादारों से 4.19 करोड़ रूपये की बकाया राशि वसूल की गई है ।

- शिमला शहर में 24×7 पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शकरोड़ी से शिमला तक पानी उठाने के लिए डिजाईन, निर्माण और संचालन परियोजना के तहत कार्य 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शिमला जल प्रबन्धन निगम लि0 (SJPNL) द्वारा राशि रू 7.38 करोड़ की लागत से होटल पीटरहॉफ के नजदीक उपयुक्त स्थान पर RCC Water Storage Tank का निमार्ण कार्य किया जा रहा हैं तथा लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चूका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शिमला जल प्रबन्धन निगम लि0 (SJPNL) द्वारा राशि रू 10.00 करोड़ की लागत से कृष्णानगर वार्ड में होटल कॉम्बरमेयर के साथ नाले का चेनेलाईजेशन का निमार्ण कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चूका है।

## (ख) मल निकास मण्डल :–

- ढ़ली क्षेत्र में नया मल उपचार सयंत्र (STP) का निर्माण अनुमानित राशि रू. 6.00 करोड़ की लागत से पूर्ण हो चुका है इस मल उपचार सयंत्र की क्षमता प्रतिदिन 15 लाख लीटर की है और इस आधुनिक तकनीक से बने मल उपचार सयंत्र से ढ़ली क्षेत्र की लगभग 9 हजार लोगों को सुविधा प्रदान की जा रही है।

- मलयाणा (संजोली क्षेत्र) में अनुमानित राशि रू. 16.00 करोड़ की लागत से 52 लाख लीटर क्षमता का मल उपचार सयंत्र (STP) का निर्माण किया जा चुका है । आधुनिक तकनीक से बने मल उपचार सयंत्र से सीवरेज उपचार की गुणवता में पहले से अधिक सुधार हुआ है और इस सयंत्र से मलयाणा क्षेत्र की लगभग 36 हजार लोगों को सुविधा प्रदान की जा रही है ।

- इसके अतिरिक्त पुराने मल उपचार सयंत्र (STP) लालपानी के उन्नयन का निर्माण कार्य अनुमानित राशि रू. 29 करोड़ की लागत से किया जा रहा है तथा लगभग 98 प्रतिशत पूरा हो चुका है । इस मल उपचार सयंत्र की क्षमता 1 करोड़ 42 लाख लीटर की है इसका कार्य मार्च, 2024 तक पूर्ण होने की सम्भावना है, जिससे शिमला शहर की 95 हजार जनता को सुविधा प्रदान होगी ।

- आईजीएमसी के पास तीन मल उपचार सयंत्रों (STP) के नवीनीकरण का कार्य अनुमानित राशि रू. 15 करोड़ की लागत से किया जा रहा है और इनकी प्रतिदिन मल उपचार क्षमता (10 लाख 35 हजार लीटर, 39 लाख 30 हजार व 58 लाख लीटर) है। इन मल उपचार सयंत्रों में आधुनिक यंत्र लगाये जा रहे हैं और इन तीनों मल उपचार सयंत्रो से शिमला की लगभग 68 हजार जनता को सुविधा प्राप्त होगी और इनका कार्य अगस्त, 2024 तक पूरा कर दिया जाएगा।

- शिमला शहर में सीवरेज उपचार व्यवस्था को बढावा देने के लिए 4 मल उपचार सयंत्र (STP) प्रस्तावित है इसी के तहत पंथाघाटी में मल उपचार सयंत्र लगाया जाना है जिसकी प्रतिदिन क्षमता 31 लाख लीटर होगी, जिससे पंथाघाटी के निचले क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड कलौनी और मैहली के नीचे के क्षेत्र के लोगों को सुविधा प्रदान की जाएगी और इस पर अनुमानित राशि रू. 11.96 करोड़ व्यय होने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त इन क्षेत्रों में अनुमानित राशि 10.34 करोड़ की लागत से सीवरेज पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रगति पर है और लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

- टुटू और मज्याठ क्षेत्र के लिए प्रतिदिन 20 लाख लीटर क्षमता का मल उपचार संयत्र (STP) अनुमानित राशि 16.75 करोड की लागत से किया जा रहा है, इस संयत्र के पूरा होने पर टुटू और मजयाठ क्षेत्र में बन रही

मल उपचार योजना से लगभग 15 हजार लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी।

- मशोबरा और ढली–2 क्षेत्र में अनुमानित राशि रू 22.00 करोड़ की लागत से मल उपचार संयत्र (STP) का निर्माण कार्य करने की प्रस्तावना पर कार्य चल रहा है। जिसकी क्षमता 15 लाख व 10 लाख लीटर की होगी। इस परियोजना से लगभग 18 हजार लोग लाभान्वित होगे।

- शिमला शहर में लगभग 340 किलोमीटर का पुराना सीवर नेटवर्क बिछा हुआ है। पुरानी सीवर पाईप लाईन के नवीनीकरण हेतु 229 करोड़ की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) को CPHEEO MoHUA Nirman Bhawan Delhi द्वारा स्वीकृति दे दी गई है जिसके अन्तर्गत शहर में 4 इंच की ब्यास लाईन को 6 इंच में बदलने की योजना है और छुटे हुए क्षेत्र और घरों को नई लाईन से जोड़ा जाएगा, जिसमें 23 हजार 500 हॉउस होल्ड़ को सुविधा प्रदान की जाएगी। इस परियोजना के अन्तर्गत समरहिल क्षेत्र में लगभग 13 करोड़ का कार्य आवंटित किया गया है जिसका कार्य धरातल पर शुरू कर दिया गया है । इस परियोजना के तहत लगभग 23 किलोमीटर की नई सीवरेज लाईनें बिछाई जाएगी। इसमें मल उपचार सयंत्र लालपानी के तहत होने वाले कार्य को 14 भागों में बांटा गया है, जिसमें से 5 भागों के लिए निविदांए आमंत्रित की जा रही है जिसका बजट 6 करोड़ है और जिसके तहत लगभग 20 किलोमीटर लाईन बिछाई जाएगी।

## 9. पर्यावरण संरक्षण :

- इस चालू वित्तीय वर्ष में 2023–24 में निगम परिधि में पर्यावरण व वन–संरक्षण के लिए नगर निगम शिमला व वन विभाग द्वारा संयुक्त तौर पर विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रजाति के लगभग 3875 पौधे लगाए गए। इसके अतिरिक्त पर्यावरण को हरा–भरा बनाए रखने के दृष्टिगत माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा भटटाकुफर में संजय वन में पौधा रोपण किया गया तथा इस क्षेत्र को गोद लिया गया है।

- इसके अतिरिक्त जल संरक्षण के दृष्टिगत अश्वनी खड्ड वाटर कैचमैंट एरिया में 5000 वृक्षों के पौधारोपण का कार्य प्रस्तावित किया गया है।

इसके लिए पौधों की व्यवस्था की जाएगी और शीघ्र पौधारोपण कार्य शुरू किया जाएगा।

## 10. मार्ग एवं भवन विभाग :

- इस वित्त वर्ष में शिमला स्मार्ट सिटी मिशन, अम्रुत मिशन, निगम शीर्ष से शिमला शहर में 8 स्थलों (पुलिस थाना ढली समीप हिमगिरि कलौनी ढली, नजदीक डा0 जोगटा निवास शान्ति विहार, संजौली–ढ़िंगू धार सड़क के साथ, हाटेश्वरी मन्दिर पटियोग, खलीनी में स्कूल के नजदीक, कच्चीघाटी में आन्जी सड़क के साथ, हाउसिंग बोर्ड कलौनी जाखू) पर पार्किंग का निर्माण कार्य राशि रू0 2.04 करोड़ की लागत से पूर्ण किया गया है। इन पार्किंगों में लगभग 121 वाहनों को पार्क करने की सुविधा उपलब्ध है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन व निगम शीर्ष से राशि रू 2.26 करोड़ की लागत से जाखू मन्दिर के लिए कीमैन क्वाटर से कवर्ड़ पाथ का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत हिमलैंड होटल के समीप फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य राशि रू 80.00 लाख की लागत से पूर्ण किया जा चुका है।

- विभिन्न वार्डो में सड़कों पर ब्लैक टॉप/रिसरफेसिंग के कार्यो पर राशि रू0 3.27 करोड खर्च किये गये हैं और लगभग 6.90 कि0मी0 टारिंग पूर्ण की गई है।

- शिमला शहर में निगम शीर्ष से विभिन्न 4 स्थलों (विधानसभा चौड़ा मैदान, बस स्टॉप मज्याठ, गंज बाजार, टुटीकण्ड़ी वर्षा शालिका के साथ) पर नये शौचालयों का निर्माण कार्य राशि रू0 45.00 लाख की लागत से पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त समरहिल चौक पर पुराने शौचालय की मुरम्मत व केयरटेकर रूम का निर्माण कार्य राशि रू0 6.64 लाख की लागत से पूर्ण किया गया है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन व प्रदेश सरकार के अनुदान राशि के तहत शिमला शहर में दौलत सिंह पार्क का जीर्णोद्वार राशि रू0 87.72 लाख की लागत से पूर्ण किया गया हैं।

- टुटीकण्ड़ी में जंगली ग्राउण्ड़ के समीप पार्क का कार्य राशि रू0 15.00 लाख की लागत से पूर्ण किया गया हैं।

- सैलानियों की सुविधा हेतु रिज पर नये 22 प्रीफेबरिकेटिड़ डस्टबिन राशि रू0 8.58 लाख की लागत से उपलब्ध करवाये गये है।

- स्थानीय लोगों की सुविधा हेतु कृष्णानगर में सराय लंगर भवन का निर्माण कार्य राशि रू0 3.00 लाख की लागत सें पूर्ण किया गया है।

- सांगटी में बाबा बालक नाथ मन्दिर के समीप लोगों को व्यायाम के लिए जिम का निर्माण राशि रू0 3.00 लाख की लागत से पूर्ण किया गया है।

- टुटीकण्ड़ी में बाग नालें में शमशानघाट का निर्माण कार्य राशि रू0 9. 00 लाख की लागत से पूर्ण किया गया है।

- लोगों की सुविधा के लिए दिव्यनगर, मज्याठ वार्ड में वर्षा शालिका का निर्माण कार्य राशि रू0 7.00 लाख की लागत से पूर्ण किया जा चुका है ।

## आगामी वित्त वर्ष 2024–25 के लिए प्रस्तावित कार्यः–

- आगामी वित्त वर्ष में विभिन्न वार्डो में सड़कों पर ब्लैक टॉप/रिसरफेसिंग के कार्य प्रस्तावित किये गये हैं। इस वित्त वर्ष में लगभग 10 कि0मी0 टारिंग पूर्ण की जायेगी।

- आगामी वित्त वर्ष में राशि रू0 2.50 करोड की लागत से सैंट जेवियर स्कूल संजौली के समीप पार्किंग का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इस पार्किंग में लगभग 100 वाहनों को पार्क करने की क्षमता होगी।

- आगामी वित्त वर्ष में राशि रू0 1.50 करोड की लागत से भट्टाकुफर में समिट्री के समीप पार्किंग एवं सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इस पार्किंग में लगभग 45 वाहनों को पार्क करने की क्षमता होगी।

- आगामी वित्त वर्ष में राशि रू0 2.95 करोड़ की लागत से पंथाघाटी, जीवणू कलौनी में नगर निगम की पार्किंग के साथ नई पार्किंग का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इन पार्किंगों में लगभग 70 वाहनों को पार्क करने की क्षमता होगी।

- आगामी वित्त वर्ष में टुटू बस स्टैंड के समीप पार्किंग एवं सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया। इस कार्य के लिए राशि रू0 6.95 करोड़ की बनाई गई हैं। इस पार्किंग में लगभग 45 वाहनों को पार्क करने की क्षमता होगी तथा लोगों को विवाह इत्यादि समारोह करवाने की सुविधा मिलेगी।

- आगामी वित्त वर्ष में इन्द्रनगर ढली में अनुमानित राशि रू0 1.25 करोड की लागत से पार्किंग का निर्माण प्रस्तावित हैं। इस पार्किंग में लगभग 50 वाहनों को पार्क करने की क्षमता होगी।

- आगामी वित्त वर्ष में कच्चीघाटी, महेन्द्रा मोटर के साथ अनुमानित राशि रू0 1.55 करोड़ की लागत से पार्किंग का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। इस पार्किंग में लगभग 65 वाहनों को पार्क करने की क्षमता होगी।

- आगामी वित्त वर्ष में राशि रू0 50.00 लाख की लागत से विजयनगर (विकासनगर) में बाईपास के साथ पार्किंग का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। इस पार्किंग में लगभग 35 वाहनों को पार्क करने की क्षमता होगी।

- आगामी वित्त वर्ष में कैंथू में पुरानी रिक्शा शैड़ बिल्डिंग की जगह **Pre-fab** बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। इस कार्य के लिए राशि रू. 77.00 लाख का अनुमान पत्र तैयार किया गया है। धन राशि के प्रावधान के लिए हि0 प्र0 राज्य सहकारी बैंक के साथ एम0ओ0यू0 किया गया है।

- शिमला शहर के लिए तीन स्थलों (ढली बाईपास, बस स्टैंड आई0जी0एम0सी0 तथा नजदीक शमशान घाट कनलोग) में डम्पिंग साईट का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। कार्य के लिए एफ0सी0ए0 के तहत स्वीकृति हेतू मामला वन विभाग से उठाया गया है। स्वीकृति प्राप्त होने पर यह कार्य आरम्भ कर दिये जाएगें।

- आगामी वित्त वर्ष में विकासनगर में पट्टी मोड़ से सूर्यनगर के लिए एम्बूलैंस रोड़ का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। इस कार्य पर राशि रू0 60.00 लाख खर्च होने का अनुमान है।

- आगामी वित्त वर्ष में संजौली–ढली बाईपास से हिलटॉप तक ऐंबुलैंस सड़क का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त शीघ्र ही कार्य के लिए निविदाएं आमन्त्रित की जाएगी।

- आगामी वित्त वर्ष में ढली चौक से दूर्गा मन्दिर तक एंबुलैंस सड़क का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। वन विभाग से कार्य के लिए **principle approval** प्राप्त कर ली गई है। शीघ्र ही **Final approval** प्राप्त होने के उपरान्त कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

- आगामी वित्त वर्ष में टुटीकण्डी बाईपास से मंगरू कॉटेज तक एंबुलैंस सड़क का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है तथा मामला वन विभाग की स्वीकृति हेतु भेजा गया है। सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त शीघ्र ही निविदाएं आमन्त्रित की जाएगी।

- आगामी वित्त वर्ष में चक्कर से कामना देवी तक ऐंबुलैंस सड़क द्वितीय चरण का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। मामला वन विभाग की स्वीकृति हेतु भेजा गया है। सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त शीघ्र ही निविदाएं आमन्त्रित की जाएगी।

- आगामी वित्त वर्ष में भराड़ी में मान हाउस से गार्ड हट शांकली व कुफटाधार से पी.डब्लयु.डी. से वर्मा एपार्टमेण्ट तक ऐंबुलैंस सड़क का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। जिनकी एफ.आर.ए. की स्वीकृति हेतु मामला वन विभाग को भेजा गया है।

- आगामी वित्त वर्ष में कनलोग में खाली भूमि पर पार्क का निर्माण कार्य प्रस्तावित है।
- रानी झांसी पार्क की **Face Lifting Phase-I** का कार्य शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पूर्ण किया गया है। अब इस पार्क की **Face Lifting Phase-II** का निर्माण कार्य प्रस्तावित है तथा धन की उपलब्धता पर कार्य कर दिया जाएगा।
- आगामी वित्त वर्ष में शिमला शहर में विभिन्न स्थानों पर 350 बैंच लगाने की प्रस्तावना है। इस कार्य पर राशि रू0 52.00 लाख खर्च होने का अनुमान है। धन राशि का प्रावधान एस0जे0वी0एन0एल0 द्वारा सी0एस0आर0 फन्ड के तहत किया जा चुका है।
- इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा **Stretchers** व **Wheelchairs** की खरीद भी की जा रही है। जिसके लिए धन का प्रावधान एस0जे0वी0एन0एल0 द्वारा सी0एस0आर0 फन्ड के तहत किया गया है।
- आगामी वित्त वर्ष में शिव मन्दिर मलयाणा से छोटा शिमला वाया धोबी घाट पार्किंग तक सड़क को चौड़ा करने का कार्य प्रस्तावित है तथा धन के प्रावधान के लिए एस0जे0वी0एन0एल0 को सी0एस0आर0 फन्ड के तहत आग्रह किया गया।
- शिमला शहर के शौचालयों, जिनमें दिव्यांगों के लिए आवाजाही की व्यवस्था नहीं है, इसमें रैम्प व हैडरेल का निर्माण कार्य प्रस्तावित है ताकि इन शौचालयों को दिव्यांगों की आवाजाही को सुगम बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त शिमला शहर में महिलाओं व बच्चों के लिए चैंजिंग रूम की व्यवस्था बहुत कम है। इसलिए आगामी वित्त वर्ष 2024 में सभी वार्डो में चेंजिंग रूम व उसके साथ शौचालयों बनाने की प्रस्तावना है।
- आगामी वित्त वर्ष में निगम के जिन क्षेत्रों में वार्ड कार्यालय नहीं बनाये गये हैं वहॉ पर नये वार्ड कार्यालय बनाए जाने प्रस्तावित है।
- आगामी वित्त वर्ष में शिमला शहर में कई जगह पर पैडेसटल पाथ पर **Gap** छोड़े गये हैं। जिस वजह से लोगों को वहॉ पर सड़क से चलना पड़ता हैं। इसलिए इन **Gaps** में पैडेसटल पाथ बनाने की प्रस्तावना है।

- आगामी वित्त वर्ष में छोटा शिमला में स्ट्राबरी हिल के समीप खाली जगह पर मल्टी स्टोरी कम्पलैक्स बनाया जाना प्रस्तावित है।

- आगामी वित्त वर्ष में भराड़ी वार्ड में राजकीय उच्च पाठशाला के समीप खाली पड़ी भूमि पर सामुदायिक भवन बनाने की प्रस्तावना है।

- आगामी वित्त वर्ष में नगर निगम शिमला के सभी वार्डो जहॉ–जहॅा भूमि उपलब्ध होगी, वहॉ पर पार्किंग का निर्माण कार्य जनहित में करवाने की प्रस्तावना है।

- कुफटाधार क्षेत्र में पी.डब्लयु.डी. रोड़ से मिनी कुफटाधार को ऐम्बुलैंस सड़क बनाये जाने की प्रस्तावना है, जिसका फौरेस्ट कलीयरैंस का मामला पी.डब्लयू. डी. विभाग द्वारा किया जा रहा है, औपचारिकताएं पूर्ण होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

- आगामी वित्त वर्ष में बालूगंज में पशु पड़ाव भूमि पर नगर निगम कर्मचारियों के लिए आवासीय कलौनी बनाने की प्रस्तावना है। इस कार्य के लिए डी0पी0आर0 तैयार की जा रही है।

- आगामी वित्त वर्ष में नगर निगम वार्डो में विभिन्न स्थलों (जंगली ग्राउण्ड़ टुटीकण्ड़ी, वर्षाशालिका टुटीकण्ड़ी, न्यू बस स्टैंड आई0जी0एम0सी0 कैंसर सरायें के नीचे, हिमगिरि कलौनी पार्किंग, इन्द्र नगर में वार्ड ऑफिस के सामने, भट्टाकुफर, मलयाणा, लक्ष्मी नारायण मन्दिर कसुम्पटी के नजदीक, स्प्रींग फिल्ड़ होटल छोटा शिमला के नजदीक, न्यू शिमला में फौजी ढ़ाबा के नजदीक, खलीनी सामुदायिक भवन पर 11 नये शौचालय का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। यह कार्य ठेकेदार को अवार्ड कर दिये गये है। इन कायों पर राशि रू0 1.13 करोड़ खर्च होने का अनुमान है।

- इसके अतिरिक्त 3 स्थलों (बी0सी0एस0 चौक, चार्ली विला व चक्कर चौक) में शौचालयों की मुरम्मत की प्रस्तावना हैं। यह कार्य ठेकेदार को अवार्ड कर दिये गये है। इन कायों पर राशि रू0  21.00 लाख खर्च होने का अनुमान है।

- शिमला शहर में **Storm Water Drainage System** बनाने की प्रस्तावना है, जिसमें शहर के विभिन्न नालों को चैनेलाईज किया जाएगा। जिसकी डी0पी0आर0 तैयार करके सरकार को स्वीकृति हेतू भेजी जाएगी। सभी औपचारिकताए पूर्ण करने के उपरान्त शीघ्र ही प्रपोजल पर कार्य शुरू किया जाएगा।

- टुटीकण्ड़ी में जंगली ग्राउण्ड़ के समीप सामुदायिक भवन एवं पार्किंग का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है, जिस पर राशि रू0 70.00 लाख खर्च आने का अनुमान है। कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही इस सामुदायिक भवन एवं पार्किंग को लोगों को समर्पित करने की प्रस्तावना है।

- वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों/रास्तों की रेस्टोरेशन के 181 कार्य ठेकेदार को अवार्ड किये जा चुके हैं, जिसमें से 44 कार्य राशि रू0 2.85 करोड़ में पूर्ण कर लिये गये हैं तथा 137 कार्य प्रगति पर हैं, जिस पर राशि रू0 10.97 करोड़ खर्च आने का अनुमान है, इन कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत राशि रू0 13.26 करोड़ की लागत से विकासनगर में मल्टी–स्टोरी पार्किंग का निर्माण कार्य प्रस्तावित है और कार्य प्रगति पर है। इस वित्त वर्ष में कार्य पूर्ण करके लोगों को पार्किंग में गाड़ियॉ पार्क करने की सुविधा प्रदान की जायेगी।

- कच्चीघाटी दीपक प्रौजेक्ट से आंजी वाया दरगाह ऐम्बूलैंस सड़क का निमार्ण कार्य प्रस्तावित किया गया है। वन विभाग से फेस –1 कार्य के लिए Final approval प्राप्त हो चुकी है । फेस –2 के लिए in principle approval प्राप्त हुई है, शीघ्र ही Final approval प्राप्त कर ली जाएगी। सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त शीघ्र ही निविदाएं आमन्त्रित की जाएगी।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत नगर निगम शिमला द्वारा राशि रू 2. 10 करोड़ की लागत से सन्जौली रेजरवायर के नजदीक वरिष्ठ नागरिकों के लिए क्लब, सामुदायिक केन्द्र और बच्चो के लिए रिडिगं रूम का निर्माण कार्य किया जा रहा है तथा लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चूका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत राशि रू 0.20 करोड़ की लागत से नगर निगम शिमला द्वारा HPPWD की Gantries पर एलईडी स्क्रीन लगाने का कार्य किया जाना है।

## 11. परियोजना शाखा :

- कृष्णानगर में राजीव आवास योजना के अन्तर्गत राशि 1067.22 लाख रूपये की लागत से 48 आवास बनाए जा चुके हैं व सभी आवास इकाइया डी.पी.आर में चयनित लाभार्थियों को आबंटित किये गये है। हाल में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 18 लोगों को अस्थायी आधार पर आवास आबंटित किए गए है ।

- प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लगभग राशि रूपये 87 लाख की लागत से 51 आवास बनाएं जा रहे हैं, जिनमें से 47 आवास बनाये जा चुके हैं, जिन्हें 47 पात्र लाभार्थियों को आवंटित कर दिया गया है तथा शेष 4 आवासों का कार्य प्रगति पर है ।

- आगामी वित्त वर्ष 2024–25 में कृष्णानगर में राजीव आवास योजना के अर्न्तगत राशि रू. 2 करोड़ की लागत से 16 आवासों का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

- नगर निगम शिमला द्वारा निगम परिधि में डिजीटल लाईब्रेरी बनाये जाने की प्रस्तावना है, जिसके लिए केन्द्र सरकार से धन राशि उपलब्ध करवाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। जिस पर लगभग 15 करोड़ रूपये की लागत आने का अनुमान है।

- निगम द्वारा सब्जी मण्डी में यूनिटी माल बनाया जाना प्रस्तावित किया गया है, जिस पर लगभग राशि 130 करोड़ रूपये की लागत आने का अनुमान है, जिसके लिए केन्द्र सरकार से धन राशि उपलब्ध करवाने हेतु मामला उठाया गया है।

- बालूगंज में कार पार्किंग परिसर बनाया जाना प्रस्तावित है, इसमें पहले चरण में 2 करोड़ राशि की लागत आएगी।

- स्मार्ट सिटी मिशन के तहत राशि 12.03 लाख की लागत से नगर निगम शिमला के हर वार्ड में 700 स्ट्रीट लाईटें लगाई जानी प्रस्तावित की गई है और जिसके लिए निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी है।

- आगामी वित्त वर्ष में नगर निगम शिमला द्वारा विभिन्न वार्डो में युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टेबल टेनिस कोर्ट व **Cricket Practice Pitch** भूमि की उपलब्धता के अनुसार निर्माण करने की प्रस्तावना है।

- शिमला शहर में आई प्राकृतिक आपदा का एक मुख्य कारण शिमला शहर में लोगों द्वारा डेमोलेशन वेस्ट का उचित निष्पादन न होना व अवैध डम्पिंग है । इस समस्या के समाधान हेतू नगर निगम शिमला द्वारा हैल्प लाईन नं0 9805201916 का प्रावधान किया गया है। जिस पर शहर के नागरिकों को डैमोलेशन वेस्ट का सही निष्पादन करने के लिए एक फोन कॉल पर उचित दरों पर पिकअप और टिप्पर की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। जिसके लिए निष्पादन स्थल बैमलोई, ढली वाई–पास और आई0जी0एम0सी0 बस स्टैण्ड तीन जगहों को चिन्हित किया गया है। निगम द्वारा इस C & D वेस्ट को रिसाईकल करके फुट–पाथ और डंगो इत्यादि के प्रयोग में लाई जाने वाली टाईलें बनाने की योजना है।

- शिमला शहर में **E-Vehicles** की बढती संख्या व प्रदेश सरकार की **E-Vehicle** नीति अनुसार नगर निगम शिमला द्वारा शिमला शहर में विभिन्न स्थलों पर 5 **E-Charging Station** स्थापित करना प्रस्तावित किया गया हैं। जिसमे से टुटीकण्डी और बालूगंज मे **E-Charging Station** का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं और शीघ्र ही यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## 12. शिमला स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत किए गए विकासात्मक कार्य एंव प्रस्तावित परियोजनाए।

➢ शिमला स्मार्ट सिटी के अंतर्गत लगभग 718.61 करोड़ की लागत से नगर निगम शिमला की परिधि में कुल 210 कार्य प्रस्तावित थे। जिनमें से राशि

रू. 384.48 करोड़ की लागत से 162 कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा शेष राशि रू. 334.13 करोड़ की लागत से 48 कार्य प्रगति पर है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 6.21 करोड़ की लागत से एस0डी0ए0 कॉम्पलैक्स में मल्टी–स्टोरी पार्किग का निर्माण कार्य प्रस्तावित है जिसका लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है ।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 6.50 करोड़ की लागत से बंगाला कलौनी टुटू में मल्टी–स्टोरी पार्किग का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 31.81 करोड़ की लागत से न्यू ओ0पी0डी0 के नजदीक मल्टी–स्टोरी पार्किग का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 17.45 करोड़ की लागत से आई0जी0एम0सी0 के सामने मल्टी–स्टोरी पार्किग का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 6.49 करोड़ की लागत से ऑक्लैंड के पास सामने मल्टी–स्टोरी पार्किग का निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 6.86 करोड़ की लागत से लोकल बस स्टैंड गुरूद्वारा के नजदीक पार्किग व शॉप का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 4.50 करोड़ की लागत से संकट मोचन के पास पार्किग का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 95 प्रतिशत कार्य पुरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 1.96 करोड़ की लागत से नवबहार भुमिया के पास सड़क को

चौड़ा, टायरिंग व नालियों को पक्का करने का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 75 प्रतिशत कार्य पुरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 0.90 करोड़ की लागत से छोटा शिमला से कसुम्पटी सड़क को चौड़ा करने व सड़क में आ रहे मन्दिर व दुकानों को गिरा कर पुनः निमार्ण का कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 80 प्रतिशत पुरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत ऑकलैण्ड़ टनल के पास चौक को चौड़ा करने, Retaining Wall & Breast Wall लगाने, और रैन शल्टर का निर्माण कार्य प्रगति पर है । इस कार्य के लिए राशि रू 0.80 करोड़ खर्च होने का अनुमान हैं। यह कार्य लगभग 95 प्रतिशत पुरा हो चुका है। यह कार्य हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग, द्वारा किया जा रहा है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत MRR वाया RKMV लक्कड़ बाजार नजदीक ऑकलैण्ड़ टनल के पास राशि रू 0.88 करोड़ की लागत से Subway का निर्माण कार्य प्रगति पर है ।यह कार्य लगभग 80 प्रतिशत पुरा हो चुका है। यह कार्य हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 2.57 करोड़ की लागत से कसुम्पटी से मैहली ( GAD Colony) तक पैदल मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा यह कार्य लगभग 85 प्रतिशत पुरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 1.78 करोड़ की लागत से SPM स्कूल सन्जौली में मैदान की Fencing, Stage, Railings and sitting area का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 75 प्रतिशत पुरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 3.00 करोड़ की लागत से रझाणा से शोघी बाईपास नजदीक STP तक विकल्प के तौर पर सडक का निमार्ण कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 70 प्रतिशत पूरा किया जा चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 35.80 करोड़ की लागत से Whole rock mass/ Strata द्वारा फेस –1 और फेस–2 के अन्तर्गत कमशः गेयटी थियेटर से पदम देव कम्पलैक्स, और पदम देव कम्पलैक्स से डीएवी स्कूल लक्कड़ बाजार तक रिज के Stabilization निमार्ण कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है ।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 4.71 करोड़ की लागत से सन्जौली बाजार चौक को चौड़ा करने का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 2.04 करोड़ की लागत से शिमला बाईपास NH 22 पर पंथाघाटी से शिव मन्दिर तक स्टील पैदल मार्ग बनाने व इन्टर लॉकिगं पेवर ब्लॉक लगाने का निमार्ण कार्य प्रगति पर है । यह कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग तहत राशि रू 2.12 करोड़ की लागत से शिमला बाईपास NH 22 पर विकास नगर के नजदीक SVM स्कूल के पास स्टील पैदल मार्ग बनाने व इन्टर लॉकिगं पेवर ब्लॉक लगाने का निमार्ण कार्य प्रगति पर है । उक्त कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग तहत राशि रू 2.10 करोड़ की लागत से शिमला बाईपास NH 22 पर TCP कार्यालय से शिव मन्दिर तक स्टील पैदल मार्ग बनाने व इन्टर लॉकिगं पेवर ब्लॉक लगाने का निमार्ण कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत ढली टनल से मशोबरा तक NH, सर्कल HPPWD द्वारा राशि रू 0.58 करोड़ की लागत से Metalling and Tarring का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा ढली में C/O round about at new Dhalli Tunnel निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इस कार्य के लिए लगभग राशि रू0 3.00 करोड़ की DPR बनाई जानी प्रस्तावित है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा लगभग राशि रू0 0.56 करोड़ की लागत से ढली टनल से मशोबरा तक Steel footpath & railing निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा लगभग राशि रू0 0.21 करोड़ की लागत से ढली चौक से मशोबरा तक MS Grating over Drains निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा राशि रू0 15. 20 करोड़ की लागत से आईएसबीटी से टूटीकण्ड़ी चौक, खलीनी चौक से मिसटचैम्बर, तारा माता मन्दिर से बीसीएस, विकासनगर से मैहली शोघी, तक पैदल मार्ग बनाने तथा तारादेवी और टुटू में प्रवेश द्वार के निमार्ण का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा राशि रू0 1.6 करोड़ की लागत से ढली टनल से मशोबरा तक पैदल मार्ग बनाने का कार्य पूर्ण हो चूका है ।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा राशि रू0 1. 52 करोड़ की लागत से ढली टनल से मशोबरा तक U Shape Drain & footpath निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा राशि रू0 1. 93 करोड़ की लागत से ढली टनल से मशोबरा तक footpath & Railing लगाने का कार्य पूरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा राशि रू0 1.5 करोड़ की लागत से ढ़ली टनल से मशोबरा तक Retaining & Covered drain का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आर0टी0डी0सी0 द्वारा राशि रू 12. 78 करोड़ की लागत से छोटा शिमला से बाउंडरी हॉस्पिटल तक **Skyway** का निर्माण कार्य प्रस्तावित है जिसका लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आर0टी0डी0सी0 द्वारा राशि रू 7. 33 करोड़ की लागत से जाखू में **Escalator** का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया हैं।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आर0टी0डी0सी0 द्वारा राशि रू 13. 50 करोड़ की लागत से लक्कड़ बाजार से रिज तक लिफट का निर्माण कार्य प्रस्तावित है तथा जिसका लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आर0टी0डी0सी0 द्वारा राशि रू 5. 38 करोड़ की लागत से ऑक्लैंड से पुलिस चौकी तक **Lift/Escalator** का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया हैं।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आर0टी0डी0सी0 द्वारा राशि रू 1. 47 करोड़ की लागत से लोअर बाजार से मिडल बाजार तक लिफट का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया हैं।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आर0टी0डी0सी0 द्वारा राशि रू 0. 42 करोड़ की लागत से संजौली में बुक कैफे का विकास कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आर0टी0डी0सी0 द्वारा राशि रू 0. 75 करोड़ की लागत से रिपन अस्पताल के पास Foot over Bridge का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आर0टी0डी0सी0 द्वारा राशि रू 7.61 करोड़ की लागत से विकास नगर में फेस–1 और फेस –2 के तहत Foot over Bridge बनाने का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चूका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आर0टी0डी0सी0 द्वारा राशि रू 7.34 करोड़ की लागत से लक्कड़ बाजार में धरातल में न्यू बस–स्टैण्ड बनाने , प्रथम मजिंल में दूकाने व दूसरी मंजिल में पार्किंग निर्माण का कार्य किया जा रहा है तथा लगभग 15 प्रतिशत कार्य किया जा चूका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आर0टी0डी0सी0 द्वारा राशि रू 5.79 करोड़ की लागत से लिफट के पास Foot over Bridge बनाने का निर्माण कार्य किया जा रहा है तथा लगभग 20 प्रतिशत कार्य पूरा हो चूका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आर0टी0डी0सी0 द्वारा राशि रू 1.23 करोड़ की लागत से कसुम्पटी पटवार खाना के पास व्यवसायिक परिसर–2 का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चूका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा राशि रू 9.82 करोड़ की लागत से खलीनी बाईपास से खलीनी चौक तक फलाई ओवर का निमार्ण कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए निविदांए आमत्रिंत की जा रही है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पुलिस विभाग द्वारा राशि रू 3.50 करोड़ की लागत से शिमला शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चूका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत हि0प्र0 राज्य विद्युत बोर्ड राशि रू 1.92 करोड़ की लागत से रिज सब डिविजन के सब्जी मण्ड़ी भाग के कृष्णानगर, गंज बाजार व आस–पास के क्षेत्र में 3 फेस एलटी लाईन बदलने का कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चूका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत HPRIDC द्वारा राशि रू 25.46 करोड़ की लागत से विधानसभा के पास फलाई ओवर बनाने और विक्ट्री टनल Junction को चौड़ा करने का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत हि0प्र0 पथ परिवहन निगम द्वारा राशि रू 34.00 करोड़ की लागत से पथ परिवहन व्यवस्था में E-Movility सहित मोबाईल ऐपलिकेशन के विकास का कार्य प्रगति पर है तथा इसका 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चूका है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के तहत वन मण्डल अधिकारी ग्रामीण द्वारा राशि रू 0.80 करोड़ की लागत से Open Air Gym Walking Track/Cycle Track, Yoga Track, Inter link Chain etc. Dyrton Kanlog in C-30 का 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है।

- शिमला स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत BSMDA द्वारा राशि रू 12.00 करोड़ की लागत से Bus stand, Transport Office, Workshop and Commercial Complex at Dhalli का निर्माण कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है।

- NHAI के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा बाईपास रोड़ तारादेवी से मैहली शोघी व ढ़ली टनल से मशोबरा तक राशि 13.90 करोड़ की लागत से Metalling and Tarring का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

- NHAI के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा ढली टनल से हसन वैली तक राशि रू0 3.19 करोड़ की लागत से Metalling and Tarring का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

- NHAI के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा मैहली से हाउसिंग बोर्ड कलौनी तक राशि रू0 7.91 करोड़ की लागत से Metalling and Tarring का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य 65 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

- NHAI के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा तारा देवी से मैहली शोघी तक राशि रू0 5.00 करोड़ की लागत से C/O R/W, B/W,drain, Catchpit, P/F Crash Barmer & road furniture का कार्य प्रगति पर है।

- NHAI & UD के तहत NH, सर्कल HPPWD द्वारा तारा देवी से मैहली शोघी तक राशि रू0 1.00 करोड़ की लागत से Routin maintenance & restoration of rain damaes during rainy season का कार्य प्रगति पर है।

- **इस वित्तीय वर्ष में** HPPWD द्वारा लगभग राशि रू0 1500.00 लाख की लागत से नगर निगम शिमला की परिधि में विभिन्न स्थानों पर सड़को को चौड़ा करने, सड़को पर पैच का कार्य करने और ट्रैफिक से निजात पाने के लिए निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

- **अगले वित वर्ष में** HPPWD द्वारा लगभग राशि रू0 5000.00 लाख और 4500.00 लाख की लागत से utility duct को भूमिगत करने और सर्कुलर सड़कों को चौड़ा करने का कार्य प्रस्तावित है । विभिन्न स्थानों पर चल रहे कार्यो और स्थानों की आवश्यकताओं अनुसार राशि 2000.00 लाख की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- **इस वित्तीय वर्ष में** नगर निगम शिमला की परिधि में HPPWD द्वारा 35.00 लाख रू0 की लागत से फाईव बैंच से जाखू तक सड़क को चौड़ा करने का कार्य पूर्ण हो चुका है ।। और अगले वित **वर्ष** में 38.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- **इस वित्तीय वर्ष में** नगर निगम शिमला की परिधि में HPPWD द्वारा 45.00 लाख रू0 की लागत से नवबहार से हॉली लॉज तक सड़क को चौड़ा करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। और अगले वित **वर्ष** में 50.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- **इस वित्तीय वर्ष में** नगर निगम शिमला की परिधि में HPPWD द्वारा 10.00 लाख रू0 की लागत से बैनमोर सड़क को चौड़ा करने का कार्य पूर्ण हो चुका

है। और अगले वित वर्ष में 5.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम शिमला की परिधि में HPPWD द्वारा 22.00 लाख रू0 की लागत से यू0एस0 क्लब से मच्छीवाली कोठी तक सड़क को चौड़ा करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। और अगले वित वर्ष में 45.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम शिमला की परिधि में HPPWD द्वारा 18.00 लाख रू0 की लागत से चेलेट डे स्कूल से यू0एस0 क्लब गेट तक सड़क को चौड़ा करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। और अगले वित वर्ष में 25.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम शिमला की परिधि में HPPWD द्वारा 23.50 लाख रू0 की लागत से रिच मांउट चौक से टिट्ला होटल वाया ओल्ड रिच मांउट तक सड़क को चौड़ा करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। और अगले वित वर्ष में 25.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम शिमला की परिधि में HPPWD द्वारा 15.50 लाख रू0 की लागत से ISBT Bye Pass to MLA Quarter Boileauganj Crossing तक सड़क को चौड़ा करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। और अगले वित वर्ष में 25.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम शिमला की परिधि में HPPWD द्वारा 23.00 लाख रू0 की लागत से नवबहार से रिटीज सिनेमा तक सड़क को चौड़ा करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। और अगले वित वर्ष में 35.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम शिमला की परिधि में HPPWD द्वारा 145. 00 लाख रू0 की लागत से कार्ट रोड़ से अनाडेल तक सड़क को चौड़ा करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। और अगले वित वर्ष में 150.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम शिमला की परिधि में शिमला स्मार्ट सिटी के तहत HPPWD द्वारा 477.92 लाख रू0 की लागत से संजौली चौक से IGMC तक cover path का कार्य पूर्ण हो चुका है। और अगले वित वर्ष में 15.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम शिमला की परिधि में शिमला स्मार्ट सिटी के तहत HPPWD द्वारा 293.78 लाख रू0 की लागत से नजदीक Trama Centre IGMC के पास पार्किंग का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। और अगले वित वर्ष में 1,000.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम शिमला की परिधि में शिमला स्मार्ट सिटी के तहत HPPWD द्वारा 88.58 लाख रू0 की लागत से BTS Nabha के पास Badminton Court का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। और अगले वित वर्ष में 10.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

- इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम शिमला की परिधि में शिमला स्मार्ट सिटी के तहत HPPWD द्वारा 1,904.64 लाख रू0 की लागत से पदमदेव कम्पलैक्स को सुदृड़ करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। और अगले वित वर्ष में 3,500.00 लाख रू0 की लागत से कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है।

## 13. प्राप्त सहायता अनुदान :

इस वित्तीय वर्ष में 31.12.2023 तक सरकार के माध्यम से व अन्य स्तरों से नगर निगम को प्राप्त अनुदान राशि का ब्यौरा निम्न प्रकार से है :–

| | | | राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | मण्डलायुक्त और जिलाधीश कार्यालय के माध्यम से :– | | |
| | i) | Allocation of Funds from SDRF/NDRF on account of Natural Calamity | 677.50 लाख |
| | ii) | डिसेन्ट्रेलाईजड़ प्लानिंग के अन्तर्गत अनुदान | 59.82 लाख |
| | iii) | जिलाधीश कार्यालय के माध्यम से विभिन्न कार्यो हेतू प्राप्त अनुदान राशि | 57.00 लाख |
| 2 | निदेशक, शहरी विकास विभाग हि0 प्र0 के माध्यम से :– | | |
| | i) | 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप अनुदान सहायता | 1598.83 लाख |
| | ii) | राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप अनुदान सहायता | 3089.42 लाख |
| | iii) | प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान धनराशि | 1.60 लाख |
| | iv) | सड़कों के रख–रखाव हेतू | 300.00 लाख |
| | v) | सम्पति निर्माण हेतु अनुदान राशि | 77.56 लाख |
| | vi) | एन. यू. एल. एम. के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान धनराशि | 0.29 लाख |
| | vii) | एन. यू. एल. एम. के अन्तर्गत स्वनिधि से समृद्धि हेतु प्राप्त अनुदान धनराशि | 2.42 लाख |
| | viii) | स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान धनराशि | 0.69 लाख |
| | ix) | पार्किंग निर्माण हेतू प्राप्त अनुदान | 126.46 लाख |
| | x) | अमृूत योजना के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान धनराशि | 456.02 लाख |
| 3 | विधायक निधि (MLALAD/VKVNY) के अन्तर्गत प्राप्त राशि | | 104.92 लाख |
| 4 | सासंद निधि के अन्तर्गत प्राप्त राशि | | 23.00 लाख |
| 5 | अन्य विभागों के माध्यम से:– | | |
| | | एस0 जे0 वी0 एन0 एल0 से सी0एस0आर0 पहल के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान राशि | 66.67 लाख |
| | | पर्यटन विभाग से प्राप्त अनुदान | 15.59 लाख |
| | | संयुक्त आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) एवं निदेशक से प्राप्त अनुदान राशि | 6.11 लाख |
| | | शिमला स्मार्ट सिटी लि0 के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान धनराशि | 1325.15 लाख |
| कुल प्राप्त अनुदान राशि रूपये – | | | 7989.05 लाख |

## 14. वित्तीय वर्ष 2024–25 में विकासात्मक गतिविधियों के लिए बजट अनुमानों का विवरण :

(राशि रूपये लाखों में)

| कम सं0 | विवरण | राजस्व (रख–रखाव) | पुंजीगत (निर्माण) | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सड़कों, रेलिंग, डंगों, सीढ़ियों, रास्तों इत्यादि के रख–रखाव व निर्माण कार्यो के लिए | **330.00** | **2030.00** | **2360.00** |
| 2 | स्ट्रीट लाईट लगाने/रख–रखाव हेतू | **0.00** | **100.00** | **100.00** |
| 3 | भवनों, आवासों के रख–रखाव / निर्माण व सब्जी मण्डी शांपिंग कम्पलैक्स के निर्माण के लिए | **90.00** | **2750.00** | **2840.00** |
| 4 | पार्किंगों के रख–रखाव व निर्माण हेतू | **20.00** | **500.00** | **520.00** |
| 5 | नालों की चैनेलाईजेशन/ मुरम्मत / निर्माण | **20.00** | **1875.00** | **1895.00** |
| 6 | शौचालय के रख–रखाव/निर्माण हेतू | **20.00** | **200.00** | **220.00** |
| 7 | पार्क/प्लेग्राउण्ड इत्यादि विकसित करने के लिए | **50.00** | **310.00** | **360.00** |
| 8 | शहर में डम्पिंग स्थान (सेनेटरी लैंडफिल साइटों) को विकसित करने के लिए | **0.00** | **100.00** | **100.00** |
| 9 | सौलिड वेस्ट मैनेजमैन्ट हेतू | **1345.00** | **70.00** | **1415.00** |
| 10 | बार्ड कमेटियों की अनुशंसा पर बार्डों में नागरिक सुविधाओं के रख–रखाव एवं निर्माण कार्यों के लिए | **0.00** | **600.00** | **600.00** |
| 11 | सैनिटरी लैण्डफिल साईट के लिए | **0.00** | **320.58** | **320.58** |
| 12 | राजीव आवास योजना के अन्तर्गत आवासों का निर्माण | **0.00** | **262.43** | **262.43** |
| 13 | प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान राशि | **0.00** | **3.00** | **3.00** |
| 14 | बायोमिथिलेशन प्लांट | **0.00** | **1200.00** | **1200.00** |
| 15 | ई–गर्वनेंस के अन्तर्गत किए जाने वाले कार्य | **0.00** | **197.01** | **197.01** |
| 16 | **Housing Scheme for Urban Poor** आशियाना– 1 और 2 के अन्तर्गत किए जाने वाले कार्य | **0.00** | **1478.62** | **1478.62** |
| 17 | शिमला स्मार्ट सिटी लि0 के अन्तर्गत किए जाने वाले कार्य | **0.00** | **1182.98** | **1182.98s** |
| | कुल योग :– | **1875.00** | **13179.62** | **15054.62** |

## 15. नगर निगम शिमला के वर्ष 2024–25 के बजट अनुमान :

नगर निगम शिमला के वर्ष 2023–24 के संशोधित एवं आगामी वित्त वर्ष 2024–25 के बजट अनुमानों का मुख्य शीर्ष–बार विवरण निम्नानुसार है :–

*(Rs. in lakhs)*

| Major Account Head Code | Actual for the previous year 2022-23 ₹ | Budget Estimates for the current year 2023-24 ₹ | Actual of First Nine Month for current year 2023-24 ₹ | Revised Estimates for the current year 2023-24 ₹ | Budget Estimates for the next year 2024-25 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. राजस्व आय | | | | | |
| **110- Tax Revenue** | **1619.76** | **2201.00** | **1500.45** | **1751.00** | **2602.75** |
| मुख्य शीर्ष 110–सम्पत्ति कर के अन्तर्गत यूनिट एरिया मैथड पर आगामी वित वर्ष की मांग सहित सम्पति करों से 2602.75 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है। | | | | | |
| **120- Assigned Revenues and Compensation** | **3835.83** | **4452.40** | **3190.24** | **4011.42** | **4379.89** |
| मुख्य शीर्ष 120– Assigned Revenues & Compensation के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष में राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप 3978.89 लाख, बिजली की खपत पर फीस से 101.00 लाख, शराब की बिक्री पर फीस से 300.00 लाख रूपये के रूप में आगामी वित्त वर्ष में कुल राशि रूपये 4379.89 लाख की आय प्राप्ति का अनुमान है। | | | | | |
| **130- Rental Income- Municipal Properties** | **637.01** | **1382.64** | **574.96** | **809.68** | **3834.92** |
| मुख्य शीर्ष 130– निगम की दुकानों/स्टालों आदि से किराए, लीज राशि, PPP आधार पर निर्मित पार्किंग, कैनोपी व व्यवसायिक परिसरों, गैस्ट हाउस इत्यादि से फीस के रूप में आगामी वित्त वर्ष में **3834.92** लाख रूपये की प्राप्ति का अनुमान है। | | | | | |
| **140- Fees & User Charges** | **714.01** | **2039.60** | **376.33** | **522.79** | **2087.03** |
| मुख्य शीर्ष 140– फीस एण्ड यूजर चार्जिज के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष में Compounding फीस से 450.00 लाख, ग्रीन फीस से 1000.00 लाख, पार्किंग फीस से 250. 00 लाख, विज्ञापन एवं होर्डिगं चार्जिज से 200.00 लाख, डम्पिंग साईट चार्जिज से 25.00 लाख, रोड डैमेज चार्जिज से 50.00 लाख व अन्य फीस एवं यूजर चार्जिज से 112.03 लाख रूपये अर्थात इस मद में कुल राशि रूपये **2087.03** लाख की आय प्राप्ति का अनुमान है। | | | | | |
| **150- Sale & Hire Charges** | **20.25** | **9.55** | **23.55** | **27.09** | **70.10** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष में टैण्डर फार्म/अन्य फार्म व कबाड इत्यादि की बिक्री से 70.10 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है। | | | | | |
| **170- Income from Investments** | **1.60** | **1.50** | **0.00** | **1.00** | **1.60** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत निगम निधि से समय–समय पर बैंकों में निवेशित राशि पर ब्याज से आगामी वित्त वर्ष में 1.60 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है। | | | | | |
| **171- Interest Earned** | **139.88** | **96.00** | **206.41** | **216.24** | **114.00** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत संपत्ति करों व किराए की बकाया राशि पर ब्याज और बैंक बचत खातों में जमा राशि आदि पर ब्याज से आगामी वित्त वर्ष में 114.00 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है। | | | | | |
| **180- Other Income** | **44.59** | **74.00** | **9.02** | **10.80** | **12.00** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत ठेकेदारों की जब्त की गई धरोहर राशि व कर्मचारियों से वसूली इत्यादि से आगामी वित्त वर्ष में 12.00 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है। | | | | | |
| योग राजस्व आय (1) | **7012.93** | **10257.69** | **5880.96** | **7350.02** | **13102.29** |
| उपरोक्त विवर्णानुसार आगामी वित्त वर्ष में राजस्व आय के अन्तर्गत निगम की कुल आय **13102.29** लाख रूपये अनुमानित है। | | | | | |
| 2. पूॅजीगत आय | | | | | |
| **320- Grants, Contributions for Specific purposes** | **10622.95** | **7862.27** | **5014.43** | **8357.09** | **11642.08** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष में केन्द्र सरकार, प्रदेश सरकार तथा अन्य संस्थाओं से मुख्यतः 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अन्तर्गत 4800.00 लाख, MPLAD/MLALAD/ 5% DCP और जिलाधीश कार्यालय से 475.00 लाख, आपदा राहत के अन्तर्गत 2000.00 लाख, निदेशक शहरी विकास, हि0 प्र0 सरकार से सम्पति निर्माण हेतु 100.00 लाख रूपये, यू0एल0बी0 रोड़ के अन्तर्गत 200.00 लाख रूपये, बायोमिथिनेशन प्लांट के अन्तर्गत 1200.00 लाख वय भवनों के निर्माण हेतू 2000.00 लाख व स्मार्ट सिटी से प्राप्त राशि रू0 408.00 लाख व अन्य स्कीमों के अन्तर्गत 459.08 लाख रूपये सहायता प्राप्ति का अनुमान है। | | | | | |
| योग पूॅजीगत आय (2) | **10622.95** | **7862.27** | **5014.43** | **8357.09** | **11642.08** |
| उपरोक्त विवर्णानुसार आगामी वित्त वर्ष में पूॅजीगत आय के अन्तर्गत निगम की अनुदान आदि से आय/प्राप्ति **11642.08** लाख रूपये अनुमानित है। | | | | | |
| कुल आय (1+2) | **17635.88** | **18119.96** | **10895.39** | **15707.11** | **24744.37** |
| 3. राजस्व व्यय | | | | | |
| **210- Establishment Expenses** | **6813.57** | **7424.42** | **4621.32** | **6838.89** | **8005.66** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत निगम के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों/ कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों, पैन्शन अंशदान, सी.पी.एस. अंशदान, ई.पी.एफ. अंशदान, सेवानिवृति से सम्बन्धित अन्य लाभ की अदायगी हेतू आगामी वित्त वर्ष के लिए 5605.66 लाख रूपये, सेवानिवृत कर्मचारियों की पैन्शन के भुगतान हेतू 2400.00 लाख रूपये Pension Deficit Contribution का अतिरिक्त प्रावधान के रूप में रखा गया है। | | | | | |
| **220- Administrative Expenses** | **149.58** | **255.06** | **155.33** | **269.41** | **413.50** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष के लिए कार्यालय रख–रखाव, बिजली, टैलीफोन, लेखन–सामग्री, फर्नीचर, कम्पयूटर, निगम वाहनों का बीमा, हल्के वाहनों के लिए इन्धन, विज्ञापन, कन्सल्टैन्सी चार्जिज इत्यादि के प्रशासनिक व्यय हेतू **413.50** लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। | | | | | |
| **230- Operations and Maintenance** | **988.23** | **2190.00** | **948.64** | **1821.50** | **2588.00** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत निगम की ढॉचागत परिसम्पत्तियों के रख–रखाव, आवश्यक नागरिक सुविधाओं व अन्य रख–रखाव के कार्यों हेतू आगामी वित्त वर्ष के लिए **2588.00** लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **240-Interest and Finance Charges** | **0.10** | **0.70** | **0.06** | **0.21** | **0.65** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत Interest & Finance Chargė हेतू आगामी वित्त वर्ष के लिए **0.65** लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। | | | | | |
| **250- Program Expenses** | **11.18** | **7.00** | **0.14** | **3.50** | **7.00** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष के लिए Program Expenses हेतू 7.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। | | | | | |
| **260- Revenue Grants, Contributions and Subsidies** | **18.66** | **47.00** | **7.11** | **41.61** | **59.95** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष में **59.95** लाख रूपये के व्यय का प्रावधान रखा गया है। | | | | | |
| **280- Prior Period Item** | **62.56** | **5.00** | **4.25** | **6.00** | **5.00** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत Prior Period Expenses हेतू आगामी वित्त वर्ष के लिए 5.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। | | | | | |
| **योग राजस्व व्यय (3)** | **8043.88** | **9929.18** | **5736.85** | **8981.12** | **11079.76** |
| उपरोक्त विवर्णानुसार आगामी वित्त वर्ष में राजस्व व्यय के अर्न्तगत निगम का राजस्व व्यय **11079.76** लाख रूपये अनुमानित है । | | | | | |
| **4. पूँजीगत व्यय** | | | | | |
| **410- Fixed Assets** | **2118.43** | **2242.50** | **1439.32** | **2353.50** | **8907.00** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष के लिए विभिन्न स्वीकृत मदों के कार्यान्वयन, निगम के भवनों, पार्किंग, सड़कों, नाले–नालियों के निर्माण, स्ट्रीट लाईट लगवाने, कार्यालय प्रयोग हेतू फर्नीचर–फिक्सचर एवं अन्य सामग्री की खरीद हेतू आगामी वित्त वर्ष के लिए 8307.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है जिसमें वार्ड कमेटियों की अनुसंशा पर प्रस्तावित आवश्यक नागरिक सुविधाओं से सम्बन्धित रख–रखाव और निर्माण कार्यों के लिए 600.00 लाख रूपये का व्यय भी सम्मिलित है। | | | | | |
| **412- Capital Work in Progress** | **5459.13** | **5927.58** | **1135.88** | **2191.53** | **4723.15** |
| इस मुख्य शीर्ष में शिमला स्मार्ट सिटी लि0 के अन्तर्गत 1182.98 लाख रूपये, बायोमिथिनेशन प्लांट के निर्माण हेतू 1200.00 लाख रूपये व अन्य पूंजीगत कार्यो हेतु 2340. 17 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। | | | | | |
| **430- Stock in hand (Store Purchase)** | **0.00** | **15.00** | **0.00** | **10.00** | **15.00** |
| इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत निर्माण सामग्री आदि की खरीद हेतू भण्डार के लिए आगामी वित्त वर्ष के लिए 15.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। | | | | | |
| **योग पूँजीगत व्यय (4)** | **7577.56** | **8185.08** | **2575.20** | **4555.03** | **13645.15** |
| उपरोक्त विवर्णानुसार आगामी वित्त वर्ष में निगम का पूँजीगत व्यय **13645.15** लाख रूपये अनुमानित है। | | | | | |
| कुल योग **(3+4)** | **15621.44** | **18114.26** | **8312.05** | **13536.15** | **24724.91** |
| | **2014.44** | **5.70** | **2583.34** | **2170.96** | **19.46** |
| अतः आगामी वित्त वर्ष के बजट अनुमानों में 19.46 लाख रूपये का व्यय आय से कम प्रस्तावित किया गया है। वित्त वर्ष 2023–24 की इतिशेष (Closing Balance) मु0 12240.99 लाख रूपये (BUD-3, Col.-5) अगले वित्त वर्ष 2024–25 के लिए आरम्भिक शेष, (Opening Balance) के रूप में विद्यमान है, जिसका वहन तदानुसार आय–व्यय को दृष्टिगत रखते हुए किया जाएगा। | | | | | |

माननीय सदस्यगण मैने अपने बजट भाषण में नगर निगम शिमला की उपलब्धियों व विभिन्न विभागों द्वारा निगम परिधि में किए गए विकासात्मक कार्यो इत्यादि का सक्षिंप्त विवरण किया है तथा आगामी वर्ष के लिये बजट में रखी गई प्रस्तावित परियोजनाओं का भी वर्णन किया है जिस पर विचार–विमर्श करना आवश्यक है ।

मैं पुनः अपनी व सभी माननीय सदस्यगणों की ओर से प्रदेश सरकार के सहयोग, माननीय मुख्यमन्त्री के मार्ग–दर्शन व सहयोग, माननीय पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री, माननीय हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग व शहरी विकास मन्त्री तथा स्थानीय विधायक के सहयोग व मार्ग–दर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद करता हूॅ। भविष्य में भी आशा करता हूॅ कि शिमला शहर के विकास हेतू सभी का सहयोग व मार्गदर्शन मिलता रहेगा। हम स्थानीय जनता के सहयोग के लिए भी उनका धन्यवाद करते है। मैं माननीय सभी सदस्यगणों का भी आदर सहित हार्दिक धन्यवाद करता हूॅ।

स्टाफ की कमी के बावजूद भी लोगों की सेवा में नगर निगम के समस्त अधिकारी व कर्मचारी सदैव तत्पर रहे हैं और यह हमारा कर्तव्य भी है। मैं निगम के सभी अधिकारियों व समस्त कर्मचारियों के कार्य व सहयोग के लिए धन्यवाद करना चाहूॅगा, जिन्होंने शहर के विकास व उत्थान के लिए ईमानदारी, लग्न व यथाशक्ति से कार्य किया है।

मैं निगम आयुक्त श्री भूपेन्द्र कुमार अत्री जी का भी धन्यवाद करता हूॅ जिन पर प्रशासन चलाने व विकास कार्य करवाने का उत्तरदायित्व है।

मुझे आशा है कि हम संयुक्त रूप से मिल–जुल कर शिमला शहर का चहुमुखी विकास करने का प्रयास करते रहेगें व शिमला शहर के ऐतिहासिक गौरव को बनाए रखने में सहयोग करेंगे।

अन्त में, मैं मान्य सदन से वर्ष 2024–25 के बजट पर विचार–विमर्श करने हेतु अनुरोध इन शब्दों के साथ करता हूॅ किः–

वसुधा का कण–कण प्रमुदित हो,<br>
ज्ञान तथा विज्ञान उदित हो,<br>
बने व्यवस्था ऐसी भू पर,<br>
जिसमें जन कल्याण निहित हो।

धन्यवाद – जय हिन्द – जय हिमाचल।

दिनांकः 15 फरवरी 2024

(सुरेन्द्र चौहान)<br>
महापौर<br>
नगर निगम शिमला।

## वित्त, संविदा और योजना समिति की बैठक के विचारार्थ ज्ञापन।

विभाग का नाम - सामान्य विभाग (लेखा शाखा)
विभागाध्यक्ष - संयुक्त आयुक्त

### वर्ष 2023-24 के संशोधित एवं वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट अनुमान।

हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 80(1) के अर्न्तगत नगर निगम शिमला के आगामी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आय एवं व्यय के बजट अनुमान तैयार करने के लिए सभी विभागाध्यक्षों से प्राप्त बजट प्रस्तावनाओं एवं चालू वित्त वर्ष के अनुमोदित बजट अनुमानों के प्रथम 9 मास की आय एवं व्यय के आँकडों के आधार पर शेष 3 मास की आय एवं व्यय के आँकडों का आकलन करके वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों को संशोधित किया गया है। वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों को चालू वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमानों तथा समस्त विभागाध्यक्षों से प्राप्त बजट प्रस्तावनाओं के दृष्टिगत प्रस्तावित किया गया है।

समस्त विभागों/अनुभागों से प्राप्त बजट प्रस्तावनाओं एवं माननीय महापौर महोदय द्वारा दिनांक 05.02.2024, 08.02.2024 व 09.02.2024 को बजट प्रस्तावनाओं पर चर्चा हेतू आयोजित बैठकों में लिए गए निर्णय अनुसार आगामी वित्त वर्ष में शहर में प्रदेश से बाहर रजिस्टर्ड वाहनों के प्रवेश पर ग्रीन फीस लगाने से 1000.00 लाख, 3834.92 लाख रूपये की आय नगर निगम की सम्पदा (Rental Income from Municipal Properties) से प्राप्त होने की सम्भावना है। इसके अतिरिक्त Biomethylation Plant लगाने हेतू 1200.00 लाख व SDRF/NDRF के अर्न्तगत 2000.00 लाख के कार्यो का निष्पादन प्रस्तावित है। जिसके अनुसार आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में निगम के सभी स्त्रोतों से आय व अनुदान राशि से कुल प्राप्ति 24744.37 लाख रूपये व व्यय 24724.91 लाख रूपये प्रस्तावित है।

अतः नगर निगम शिमला के वर्ष 2023-24 के संशोधित एवं वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट अनुमानों का समेकित विवरण बजट प्रपत्र "BUD–2, 3 व 4" वित्त, संविदा और योजना समिति के सम्मुख विचारार्थ प्रस्तुत है।

आयुक्त संयुक्त आयुक्त उप-नियंत्रक एवं लेखा अधिकारी

वित्त संविदा एवं योजना समिति के उक्त मद संख्या 2(2) पर विचार-विमर्श उपरान्त समिति द्वारा वर्ष 2023-24 के संशोधित एवं वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट अनुमान को सदन की विशेष बैठक में लाने की सिफारिश की गई।

वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित एवं वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट अनुमानों पर चर्चा से पूर्व आयुक्त महोदय ने विशेष बजट बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया तथा सदन में उपस्थित सभी सदस्यों से राष्ट्रगान के लिए अनुरोध किया तदोपरान्त मा0 महापौर-सभापति महोदय से बैठक आरम्भ करने का आग्रह किया। मा0 महापौर-सभापति महोदय ने बजट भाषण से पूर्व मा0 उप-महापौर श्रीमती उमा कौशल, समस्त मा0 पार्षदों, निगम आयुक्त श्री भूपेन्द्र कुमार अत्री, समस्त विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों व समस्त प्रैस बन्धुओं का स्वागत किया। मा0 महापौर-सभापति महोदय द्वारा अनुबन्ध “क” पर संलग्न बजट भाषण को सदन में पढ़ कर सुनाते समय पेज संख्या 43 पर श्रीमती सरोज ठाकुर, मा.पार्षद ने बीच में आपति जताते हुए कहा कि शिमला स्मार्ट सिटी के जो कार्य अन्य विभागों द्वारा किये गए है उन कार्य को बजट में न गिनाया जाए बल्कि आगामी वित्त वर्ष में प्रस्तावित कार्य बारे अवगत करवाया जाए। जिस पर माननीय महापौर-सभापति महोदय द्वारा बजट भाषण के बीच में सदन को अवगत करवाया कि सदन में उपस्थित नये माननीय पार्षदों को निगम परिधि में चल रहे विकास कार्य से अवगत करवाना मेरा उद्देश्य है। इन शब्दों के उपरान्त पुनः बजट भाषण को पेज संख्या 49 से आगे पढ़ते हुए पेज संख्या 50 की क्रम संख्या 10 के सम्बन्ध में सदन को अवगत करवाया कि सभी मा. पार्षद अपने-अपने वार्डो में वार्ड कमेटी की अनुशंसा पर राशि रू. 15-15 लाख रू. के कार्य करवा सकते है तथा बजट भाषण को आगे पढ़ते हुए बजट भाषण में चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में किये गये कार्यों व संशोधित आय-व्यय तथा आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित विकासात्मक कार्यों बारे सदन को अवगत करवाया गया ।

बजट भाषण समाप्त होने के उपरान्त चर्चा में भाग लेते हुए श्रीमती सरोज ठाकुर, मा0 पार्षद ने कहा कि प्रस्तुत बजट लोक लुभावना है और बजट की बधाई देते हुए कहा कि इस बजट में मा0 सदस्यों के सुझाव व उनकी प्राथमिकताएं नहीं ली गई है तथा इसके अतिरिक्त बजट में वार्ड कार्यालय, रोजगार, कर्मचारियों के लिए ओल्ड पैंशन स्कीम तथा बजुर्गो के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। शिमला स्मार्ट सिटी के तहत शिमला शहर को लोहे की सिटी बना दिया है तथा बजट में केन्द्र सरकार के सहयोग के लिए कहीं भी धन्यवाद का जिक्र नहीं किया गया है।

श्री नरेन्द्र ठाकुर, मा.पार्षद ने कहा कि बजट बहुत अच्छा है, परन्तु बजट कौन बनाता है तथा इस बजट में पहले की भान्ति मा0पार्षदों से सुझाव व प्राथमिकताएं क्यों नहीं मांगी गई। मा. पार्षदों द्वारा भी अपने-अपने वार्डो की प्राथमिकताएं दी जानी थी। परन्तु अगली बार जब भी बजट बनाया जाएगा तो पहले सभी मा. पार्षदों से सुझाव व प्राथमिकताएं ली जाए। हमारे वार्ड में लगभग 3 बीघे भूमि उपलब्ध है जहॉ पर बड़ा प्रोजेक्ट बनना था, जिससे वहॉ के 3 वाडों के लोगों को प्रोजेक्ट से सुविधा मिलनी थी। यदि सुझाव लिये जाते तो यह बजट में आता। आयुक्त महोदय द्वारा माननीय महापौर-सभापति महोदय की सहमति से सदन को अवगत करवाया कि बजट भाषण माननीय महापौर के prerogative में आता है तथा मा0महापौर कार्यालय द्वारा ही बनाया जाता है, जिसके लिए सम्बन्धित विभिन्न विभागों से जानकारी व उपलब्धियाँ उन्हीं के कार्यालय द्वारा ली जाती है तथा इस बारे में किसी अन्य को जानकारी नहीं होती है। लोगों द्वारा निगम बजट के लिए सुझाव समाचार पत्र व माननीय महापौर कार्यालय में आये है तथा वित्त,संविदा एवं योजना समिति की बैठक में जो माननीय पार्षद आये थे, उनके भी सुझाव लिये गये है। इसके अतिरिक्त बजट बैठक में जो भी सुझाव माननीय सदस्यों द्वारा दिये जा रहे है वह भी इस बजट का part है, उन पर भी विचार-विमर्श उपरान्त बजट में धन की उपलब्धता अनुसार प्रावधान किया जाएगा।

श्री विनीत शर्मा, मा0पार्षद ने कहा कि मेरे वार्ड में पी.डब्लयू.डी. की बिल्डिंग बनी है उस बिल्डिग सहित वहॉ पर लगभग 3 बीघे भूमि उपलब्ध है जिस पर मल्टी स्टोरी पार्किग व सामुदायिक भवन बनाया जा सकता है, जिससे वार्ड के लोगों को सुविधा मिलेगी। आयुक्त महोदय ने माननीय महापौर-सभापति की सहमति से सदन को अवगत करवाया कि प्रस्तुत बजट पूरे साल भर में किए जाने वाले कार्यो की एक रूप रेखा मात्र है, इसमें मुख्य कार्यो का वर्णन किया गया है। जिन कार्यो का वर्णन नहीं किया गया है, इस प्रकार के विकास कार्य मान्य सदन की बैठकों में भी लाए जा सकते है।

श्रीमती आशा शर्मा, मा0पार्षद ने सर्वप्रथम प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए बधाई दी और कहा कि बजट में पार्षद निधि का कोई प्रावधान नहीं है और सड़को व आपदा से हुए नुक्सान के लिए कोई बजट नहीं है।

श्री राम रत्न वर्मा, मा0पार्षद ने कहा कि बजट में शिमला शहर में जो भी विकास कार्य करवाएं गए है उनका विस्तृत वर्णन किया गया है और हर वर्ग का ध्यान

रखा है, जिसके लिए मैं बधाई देता हूँ । मैं यह भी सुझाव देता हूँ कि शहर में जहॉ पर सब-वे या लोहे के पैदल रास्ते बनाये गये है, उन रास्तों में पानी की निकासी के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है जिससे बरसात के समय पानी एक तरफ ही चला जाता है जोकि भविष्य में आपदा का कारण बन सकता है इसलिए इन रास्तों में होल बनाएं जाएं ताकि पानी की निकासी सहीं से हो सके व लैण्ड बैंक भी बनाये जाए। इसके अतिरिक्त निगम परिधि में जहॉ पर भी पार्क बनाये गये है उनका रख-रखाव जिस प्रकार चण्डीगढ़, दिल्ली में पी.डब्लयु.डी. या होर्टीकल्चर विभाग के माध्यम से किया जाता है उसी आधार पर शिमला शहर में भी इन पार्को का रख-रखाव होर्टीकल्चर या अन्य विभाग के माध्यम से करने का प्रावधान होना चाहिए। यह भी कहा कि माननीय महापौर महोदय द्वारा बर्फ व आपदा के समय हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और राहत कार्य करवाने में अपना पूरा सहयोग दिया। जिसके लिए मैं उनका तहदिल से धन्यवाद करता हूँ।

श्री बिट्टु कुमार, मा0पार्षद ने कहा कि बजट तो अच्छा और लोक लुभावना है। परन्तु हाल ही में हुई प्राकृतिक आपदा के अन्तर्गत कृष्णानगर, समरहील, फागली में हुए नुकसान की भरपाई के लिए कोई प्रावधान नहीं है। इन क्षेत्रों के लिए बजट में विशेष प्रावधान होना चाहिए ।

श्री कल्याण चन्द धीमान, मा0पार्षद ने कहा कि इस बजट में आपदा के समय हुए क्षतिग्रस्त क्षेत्र व लोगों के हुए नुक्सान की भरपाई के लिए कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए जहॉ लैण्ड स्लाईड हुआ है वहॉ पर रिटेंनिग वॉल लगवाई जाए तथा कुष्ट कालौनी को जाने वाला रास्ता पूरी तरह क्षतिग्रस्त है उसें ठीक करवाने लिए धन का प्रावधान किया जाए।

श्रीमती अनिता शर्मा, मा0पार्षद ने कहा कि मजियाठ वार्ड में नगर निगम द्वारा कोई भी कार्य नहीं करवाया गया है । माननीय महापौर-सभापति महोदय द्वारा सदन को अवगत करवाया कि वार्ड में ऐसा नहीं है कि काम न हुए हो, निगम द्वारा कार्य अवार्ड किए जा चुके है, जिनका कार्य शीघ्र ही करवा दिया जाएगा तथा यदि आप चाहे तो वार्ड का मौका निरिक्षण कर लिया जाएगा।

श्री अश्वनी कुमार सूद, मा.पार्षद ने कहा कि प्रस्तुत बजट के लिए बधाई देते हुए कहा कि बजट में बजुर्गो के लिए घर से ब्लड टैस्ट के सैंपल एकत्रित करने सुविधा, बजट में कोई नया टेक्स नहीं, नागरिकों को डेमोलेशन वेस्ट को एक फोन कॉल पर वाहन उपलब्ध करवाने की सुविधा तथा विशेषकर सब्जी मण्डी में युनिटी मॉल बनाने की

परियोजना के लिए धन्यवाद किया कि इस माल के बनने से लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें।

श्री विनोद कुमार भाटिया,मा.पार्षद ने प्रस्तुत बजट का स्वागत किया और वार्ड में अस्थायी स्लाटर हाउस बनाने का काम शुरू करने के लिए धन्यवाद किया।

श्री विरेन्द्र ठाकुर, मा.पार्षद ने सर्वप्रथम प्रस्तुत बजट का स्वागत किया और बधाई देते हुए कहा कि शिमला में आपदा के समय में हुए नुक्सान के समय राहत कार्य में काफी सहयोग मिला, जिसके लिए मैं माननीय महापौर व अधिकारियों व कर्मचारियों का धन्यवाद करना चाहूँगा, परन्तु जिन क्षेत्रों में आपदा के समय काफी नुक्सान हुआ है उन क्षेत्रों के लिए बजट में विशेष प्रावधान होना चाहिए। निगम द्वारा जो बड़ी 4 गाड़ियॉ गारबेज कुलैक्शन के लिए ली गई है। वह गाड़ियॉ हर वार्ड की छोटी सड़कों पर नहीं जा सकती है और इन गाड़ियों के रख-रखाव पर नगर निगम का अधिक धन व्यय होगा। इसलिए छोटी गाड़ियॉ ही ली जानी चाहिए। इस बजट में स्टाफ की भर्ती के लिए कोई प्रस्तावना नहीं है जिससे सफाई व्यवस्था एवं नगर निगम की अन्य कार्यवाही प्रभावित हो रही है । आवारा कुत्तो का तो बजट में प्रावधान है, परन्तु बन्दरों की समस्या के बारे में कोई उल्लेख नहीं है तथा बजट में जो कहीं न कहीं त्रुटि रह गई है उसे ठीक किया जाना चाहिए।

श्रीमती सिमी नन्दा,मा.पार्षद ने सर्वप्रथम सदन में पहला बजट प्रस्तुत करने पर स्वागत किया और बधाई देते हुए कहा कि यह बजट balanced & surplus होने के साथ शिमला के नागरिकों की सुविधा के लिए डिजिटल लाईब्रेरी, Dog Census, कई ऑन लाईन सेवाएं, बजुर्गो के ब्लड टेस्ट के सैंपल घर से एकत्रित करने व ईकों फ्रेंण्डली तथा लोगों को आने वाले समय में राहत प्रदान करने वाला है। इसके अतिरिक्त नाबा वार्ड में दलेच के लिए ऐम्बुलैंस रोड़ बनाने की प्रस्तावना काफी समय से एफ.सी.ए. के कारण लम्बित है, इस ऐम्बुलैंस रोड़ पर लगी आपत्तियो को दूर करने के लिए औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जाए ताकि वहॉ के स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिल सके। फागली में निगम स्टोर की साईट पर मल्टी स्टोरी पार्किग व सामुदायिक भवन बनाने की प्रस्तावना रखी थी। जिसकी औपचारिकताएं पूर्ण करने के लिए प्रयास किया जाए ताकि लोगों को इसकी सुविधा मिल सके।

माननीय महापौर-सभापति महोदय द्वारा बजट भाषण समाप्त होने के उपरान्त सदन को अवगत करवाया कि बजट भाषण में वर्णित विभिन्न विभागों के माध्यम से शिमला स्मार्ट सिटी के अर्न्तगत करवाये जा रहे या किये गये कार्य का उल्लेख केवल सदन की जानकारी हेतु रखा गया था । इन विकास कार्य में वर्णित धन राशि को निगम बजट में नहीं डाला गया है। निगम परिधि में जो भी activities या परियोजनाएं चलाई जा रही है, उनकी नगर निगम को जानकारी होनी चाहिए। इस सम्बन्ध में हि.प्र. लोक निर्माण विभाग,नेशनल हाईव, केन्द्रिय लोक निर्माण विभाग से पूरी डिटेंल में बैठक व सम्पूर्ण जानकारी ली गई थी। शिमला जल प्रबन्धन निगम लि0 द्वारा निगम परिधि में किये गये कार्य का इस बजट में पहली बार उल्लेख किया गया है, क्योंकि नगर निगम इस कम्पनी का 51 प्रतिशत का शेयर होल्डर है और यह नगर निगम का दायित्व भी है कि शिमला जल प्रबन्धन निगम लि0 द्वारा क्या-क्या कार्य करवायें जा रहे है। उसकी सम्पूर्ण जानकारी हो तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों को भी निगम परिधि में हो रहे कार्य की सम्पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। निगम परिधि में आगामी वित्त वर्ष में सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हम सभी को पूरा प्रयास करना होगा। हम सभी को जानकारी है कि नगर निगम में सीमित संसाधन है और हमें उन्हीं संसाधनों से अपने-अपने वार्डो में कार्य करवाने है। नगर निगम में सदन को ही सम्पूर्ण शक्तियाँ प्राप्त है और हम सबको मिलझुल कर शिमला शहर का विकास व गौरव बनाये रखना है। मैं विशेषकर माननीय मुख्यमंत्री जी का नगर निगम शिमला की ओर से हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ, जिनके दिशा-निर्देश व सहयोग से प्राकृतिक आपदा के समय नगर निगम शिमला को वित्तीय सहायता व प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य करवाने के लिए पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। मैं आयुक्त, नगर निगम शिमला का भी पुनः हार्दिक धन्यवाद करता हूँ कि नगर निगम में स्टाफ की कमी होने के बावजूद भी प्रशासनिक तौर पर अपना पूरा सहयोग दिया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों से सदन में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों का भी धन्यवाद करता हूँ।

विचार-विमर्श उपरान्त सदन ने सर्व-सम्मति से वित्त संविदा एवं योजना समिति की सिफारिशों और वर्ष 2023-24 के लिए संशोधित तथा वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट अनुमानों को अपनाने हेतु निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किए :-

श्रीमती उर्मीला कश्यप, पार्षद ने प्रस्ताव किया कि Major Head 210-Establishment Expenses के लिए राशि रूपये 8005.66 लाख की ग्रॉट स्वीकार की जाये। जिसका समर्थन श्रीमती कान्ता सुयाल, पार्षद ने किया।

प्रस्ताव सर्व-सम्मति से पारित हुआ।

श्रीमती उमंग बांगा, पार्षद ने प्रस्ताव किया कि Major Head 220- Administrative Expenses के लिए राशि रूपये 413.50 लाख की ग्रॉंट स्वीकार की जाये। जिसका समर्थन श्रीमती कुसुम ठाकुर, पार्षद ने किया।

प्रस्ताव सर्व-सम्मति से पारित हुआ।

श्रीमती शांता वर्मा, पार्षद ने प्रस्ताव किया कि Major Head 230- Operations & Maintenance Expenses के लिए राशि रूपये 2588.00 लाख की ग्रॉंट स्वीकार की जाये। जिसका समर्थन श्रीमती विशाखा मोदी, पार्षद ने किया।

प्रस्ताव सर्व-सम्मति से पारित हुआ।

श्रीमती रचना शर्मा, पार्षद ने प्रस्ताव किया कि Major Head 240- Interest & Finance Charges के लिए राशि रूपये 0.65 लाख की ग्रॉंट स्वीकार की जाये। जिसका समर्थन श्रीमती कुसुम ठाकुर, पार्षद ने किया।

प्रस्ताव सर्व-सम्मति से पारित हुआ।

श्रीमती रचना भारद्वाज, पार्षद ने प्रस्ताव किया कि Major Head 250- Programme Expenses के लिए राशि रूपये 7.00 लाख की ग्रांट स्वीकार की जाये। जिसका समर्थन श्रीमती कमलेश मेहता, पार्षद ने किया।

प्रस्ताव सर्व-सम्मति से पारित हुआ।

श्रीमती ममता चन्देल, पार्षद ने प्रस्ताव किया कि Major Head 260- Revenue Grants, Contributions & Subsidies के लिए राशि रूपये 59.95 लाख की ग्रॉंट स्वीकार की जाये। जिसका समर्थन श्री अंकुश वर्मा, पार्षद ने किया।

प्रस्ताव सर्व-सम्मति से पारित हुआ।

श्री राम रत्न वर्मा, पार्षद ने प्रस्ताव किया कि Major Head 280- Prior Period Item (Expenses) के लिए राशि रूपये 5.00 लाख की ग्रॉंट स्वीकार की जाये। जिसका समर्थन श्रीमती आशा शर्मा, पार्षद ने किया।

प्रस्ताव सर्व-सम्मति से पारित हुआ।

